वर्ष : 17 अंक: 79 आगरा • बुधवार 02 जुलाई 2025 • पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.

उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

# सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक



आज का तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

# कर्नाटक CM पद पर फिर विवाद: डिप्टी CM शिवकुमार के करीबी MLA का दावा- 100 विधायक साथ

## खड़गे बोले: CM बदलने का फैसला आलाकमान करेगा

**बेंगलुरु (ए.)**



कर्नाटक कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद को लेकर अंदरूनी खींचतान तेज हो गई है। इस बीच कांग्रेस नेता और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला बेंगलुरु दौरे पर पहुंचे हैं और पार्टी विधायकों के साथ लगातार मीटिंग कर रहे हैं।

डिप्टी CM डीके शिवकुमार के करीबी विधायक इकबाल हुसैन ने दावा किया कि करीब 100 विधायक मुख्यमंत्री बदलने के पक्ष में हैं। अगर अब बदलाव नहीं हुआ, तो 2028 का चुनाव कांग्रेस नहीं जीत पाएगी। हुसैन ने से बातचीत में कहा, हम सुरजेवाला से यह मुद्दा खुलकर उठाएंगे। शिवकुमार ने पार्टी के लिए दिन-रात मेहनत की है और उन्हें अब ष्टरूबनने का मौका मिलना चाहिए। दरअसल, 2023 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की बड़ी जीत में डीके शिवकुमार की अहम भूमिका रही थी। तब वे मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार थे, लेकिन पार्टी हाईकमान के कहने पर उन्होंने डिप्टी CM और प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी स्वीकार की।

उस समय रोटेशनल CM फॉर्मूले की बात भी सामने आई थी, लेकिन इसे कभी सार्वजनिक रूप से मंजूरी नहीं मिली। अब एक बार फिर यह मुद्दा खुलकर सतह पर आ गया है। सुरजेवाला बोले- राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की बात सिर्फ कल्पना रणदीप सुरजेवाला सोमवार को बेंगलुरु पहुंचे थे। उनके इस दौरे को CM और डिप्टी ष्टरू में बढ़ रही दरार से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि उन्होंने इन अटकलों को खारिज कर दिया और अपने दौरे को संगठनात्मक समीक्षबताया। उन्होंने मीडिया से नेतृत्व परिवर्तन की बात को कल्पना कहा। सिद्धारमैया ने भी मैसूर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि सरकार 'बांदे' यानी चट्टान की तरह पांच साल चलेगी। खड़गे बोले- कर्नाटक में ष्टरू बदलने का फैसला आलाकमान लेगा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को कहा, यह फैसला (CM बदलना) पूरी तरह हाईकमान के हाथ में है। कोई नहीं कह सकता कि हाईकमान के दिमाग में क्या चल रहा है। फैसला लेना उनका अधिकार है, लेकिन बेवजह किसी को इस मुद्दे को लेकर कोई परेशानी नहीं खड़ी करनी चाहिए।

## नए क्रिमिनल कानूनों का एक साल, शाह बोले- न्याय प्रणाली सरल हुई, इसे पारदर्शी बनाएंगे



**नई दिल्ली(ए.)**

तीन नए क्रिमिनल कानूनों के लागू होने का एक साल पूरा होने पर नई दिल्ली में 'न्याय प्रणाली में विश्वास का स्वर्णिम वर्ष' कार्यक्रम हुआ। इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- मोदी जी के नेतृत्व में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय से युक्त शासन का एक स्वर्णिम कालखंड शुरू होने वाला है। जनता के अधिकारों की रक्षा करने वाली न्याय प्रणाली को पारदर्शी, जनता के उपयोगी और समयबद्ध बनाने से बड़ा रिफॉर्म कोई नहीं हो सकता। नए कानूनों से स्त्रद्धक्र करेंगे तो तुरंत न्याय मिलेगा, इससे जनता का विश्वास बढ़ेगा।

## राजस्थान के अलवर में सड़कें डूबीं, घरों में पानी: हिमाचल में 11 जगह बादल फटा, 5 की मौत, 16 लापता

### प्रयागराज में गंगा-यमुना में बाढ़

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ( ए. )**

54 मिनट पहले देश के ज्यादातर हिस्सों में मानसूनी बारिश जारी है। राजस्थान के अलवर में सोमवार को भारी बारिश के चलते सड़कों पर दो फीट तक पानी भर गया। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा-यमुना में बाढ़ जैसे हालात हैं।

घाट की तरफ 500 मीटर आगे तक पानी भर गया है। हिमाचल प्रदेश के मंडी में पिछले 24 घंटे में 11 जगह बादल फटा। बाढ़ और लैंडस्लाइड से अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है, 16 लोग



लापता हैं। उत्तराखंड में सोमवार को कोटद्वार-बद्रीनाथ मार्ग पर सतपुली के पास लैंडस्लाइड की वजह से पौड़ी-मेरठ नेशनल हाईवे बंद हो गया। उत्तरकाशी में लैंडस्लाइड के कारण यमुनोत्री हाईवे बंद हो गया है।

# एअर इंडिया की फ्लाइट हवा में 900 मीटर नीचे आई:दिल्ली से वियना जा रहा था विमान, अहमदाबाद प्लेन क्रैश के 2 दिन बाद की घटना

**नई दिल्ली (ए.)**



अहमदाबाद प्लेन क्रैश के 2 दिन बाद 14 जून को एअर इंडिया की एक और फ्लाइट हवा में 900 मीटर नीचे आ गई थी। यह घटना दिल्ली-वियना फ्लाइट के दौरान हुई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, विमान ने दिल्ली एयरपोर्ट से टेकऑफ किया और उसके बाद वह नीचे आने लगी। हालांकि, 9 घंटे 8 मिनट की उड़ान के बाद यह फ्लाइट वियना में सुरक्षित लैंड हुई थी। एअर इंडिया ने कहा कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। रिपोर्ट सामने आने तक दोनों पायलट्स को ड्यूटी से हटा दिया गया है। एयरलाइन ने इस बात की जानकारी डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) को भी दे दी है। एअर इंडिया ने बताया कि रिकॉर्डर से डेटा कलेक्ट कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट-द्ध 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इसमें 275 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे। सिर्फ एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा था।

# रेसलर विनेश फोगाट मां बनीं, बेटे को जन्म दिया:7 साल पहले हुई थी शादी

### ज्यादा वजन से पेरिस ओलिंपिक से बाहर हुईं, फिर संन्यास लिया



**जींदहरियाणा** की रेसलर और जुलाना से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट मां बन गई हैं। उन्होंने मंगलवार सुबह 9 बजे दिल्ली के अपोलो अस्पताल में बेटे को जन्म दिया। विनेश को कल शाम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। विनेश के ससुर राजपाल राठी ने बताया कि ऑपरेशन के जरिए डिलीवरी हुई है। फिलहाल, मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। विनेश की शादी 7 साल पहले पहलवान सोमवीर राठी से हुई थी। विनेश फोगाट ने 6 मार्च 2025 को अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए की थी। उन्होंने पति सोमवीर राठी के साथ एक फोटो शेयर करते हुए लिखा था, ऑवर लव स्टोरी कंटिन्यू विद न्यू चैप्टर (एक नए अध्याय के साथ हमारी प्रेम कहानी जारी है)। पोस्ट में उन्होंने बच्चे के पैरों के निशान और प्यार का प्रतीक भी शेयर किया था।

# मद्रास HC बोला- पुलिस सत्ता के नशे में चूर:राज्य ने अपने नागरिक को मारा; पुलिस कस्टडी में गार्ड की मौत का मामला, 5 पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**चेन्नई (ए.)**



मद्रास हाईकोर्ट ने बुधवार को शिवगंगा जिले में मंदिर के गार्ड अजित कुमार (27) की पुलिस कस्टडी में हुई के मामले पर सुनवाई की। कोर्ट ने इस मामले में खुद से नोटिस लिया था।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अजित के शरीर पर चोट के 44 निशान पाए गए हैं। जस्टिस एसएम सुब्रमण्यम ने इस पर हैरानी जताई। उन्होंने कहा- ये सत्ता के नशे में चूर पुलिस की क्रूरता है। जस्टिस ने कहा- ये क्रूर कृत्य है, राज्य ने अपने ही नागरिक की हत्या की है। शरीर पर 44 चोटों के निशान देखना चौंकाने वाला है। उसके शरीर के सभी हिस्सों पर हमला किया गया है। अजित को चोरी के आरोपी में 27 जून को हिरासत में लिया गया था। 28 जून को पुलिस कस्टडी में उसकी तबीयत बिगड़ी, इलाज के दौरान मौत हो गई। सादा कपड़े पहने पुलिसकर्मियों का अजित को पीटने का वीडियो वायरल हुआ। 30 जून को अजित की पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आई। पीड़ित परिवार ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया और हाईकोर्ट में याचिका लगाई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर 5 पुलिसकर्मी गिरफ्तार किए गए।

# तेलंगाना में विरोध के बावजूद रामचंदर राव BJP प्रदेशाध्यक्ष बने

**नई दिल्ली(ए.)**




भाजपा ने मंगलवार को 5 राज्य हिमाचल, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और तेलंगाना में निर्विरोध प्रदेशाध्यक्ष चुन लिए हैं। इसके अलावा एमपी में हेमंत विजय खंडेलवाल ने भी निर्विरोध नामांकन भरा। बुधवार को उनकी जीत का ऐलान किया जाएगा। हिमाचल में राजीव बिंदल को तीसरी बार कमान दी गई है। वहीं, महेंद्र भट्ट दूसरी बार उत्तराखंड अध्यक्ष बने। महाराष्ट्र में रवींद्र चव्हाण, आंध्रप्रदेश में पीएनवी माधव और तेलंगाना में रामचंदर राव को चुना गया है। तेलंगाना में रामचंदर राव को प्रत्याशी बनाए जाने पर विवाद हुआ था। गोशामहल से विधायक टी राजा ने विरोध करते हुए सोमवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। 2 दिन में 9 राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की तस्वीर साफ हो जाएगी। भाजपा के संविधान के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव 50त्न राज्यों में चुनाव होने के बाद ही होता है।

# जयशंकर अमेरिका में बोले: आतंकवाद के खिलाफ एक्शन का हक: भारत और पाकिस्तान सीजफायर की वजह अमेरिक से व्यापार नहीं

**वाशिंगटन (ए.)**

डीसी विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिका में कहा- भारत को अपने लोगों की सुरक्षा के लिए आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने का पूरा अधिकार है। भारत इस अधिकार का इस्तेमाल करता रहेगा। वे वॉशिंगटन डीसी में मंगलवार को क्वाड (क्तह्वड्डस्र) विदेश मंत्रियों की बैठक से पहले मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के पीड़ित और आतंक फैलाने वालों को कभी एक जैसा नहीं देखा जाना चाहिए। दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनानी चाहिए। इससे पहले जयशंकर ने मंगलवार को ही अमेरिकी मैगजीन न्यूजवीक के CEO देव प्रसाद के साथ इंटरव्यू में कहा था- भारत-पाकिस्तान सीजफायर में अमेरिका के साथ व्यापार का कोई संबंध नहीं है।



### मोदी-वेंस की बातचीत के वक्त वहीं था

इंटरव्यू में जयशंकर ने कहा- 9 मई की रात अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पीएम मोदी से बात की थी। मैं भी उस दौरान उसी कमरे में था। वेंस ने चेतावनी दी थी कि पाकिस्तान भारत पर बड़े हमले की योजना बना रहा है। पीएम मोदी ने इसकी परवाह न करते हुए कहा था- हमले का जवाब दिया जाएगा। विदेश मंत्री ने कहा- अगली सुबह (10 मई) अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पीएम से संपर्क किया। कहा- पाकिस्तान बातचीत के लिए तैयार है। इसके बाद पाकिस्तान के DGMO मेजर जनरल काशिफ अब्दुल्ला ने भारत के DGMO लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई से संपर्क किया और सीजफायर की रिक्वेस्ट की थी।

# तेलंगाना केमिकल फैक्ट्री धमाका- मौत का आंकड़ा 36 हुआ:

### मलबे से 31 शव निकाले गए; तमिलनाडु की पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, 5 की मौत

**हैदराबाद(ए.)**



तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में दवा फैक्ट्री में हुए धमाके में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 36 हो गया है। फैक्ट्री से 31 शव बरामद किए गए हैं। वहीं, अस्पताल में 5 लोगों की मौत हो गई। 30 से ज्यादा घायल हैं। संगारेड्डी के SP परितोष पंकज ने यह जानकारी दी है। 30 जून को फैक्ट्री की रिएक्टर यूनिट में विस्फोट हुआ था। हादसा पाशमिलारम इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सिगाची इंडस्ट्रीज में सुबह 8.15 बजे से 9.30 बजे के बीच हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने PM नेशनल रिलीफ फंड से मृतकों के परिजन को ?2 लाख और घायलों को ?50 हजार की मदद की घोषणा की थी। इधर, तमिलनाडु के शिवकाशी में मंगलवार को एक पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाका हुआ, न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, कम से कम 5 लोगों की मौत हो गई।

# 'एक बगिया मां के नाम' बनेगी आजीविका का नया माध्यम, महिलाएं होंगी लाभान्वित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

- 30 हजार एकड़ भूमि पर होंगे उद्यान विकसित - उद्यान विकास का मिलेगा प्रशिक्षण
- प्रदेश की 100 नदियों के उद्गम स्थलों की 10-10 एकड़ भूमि पर होगा पौधरोपण
- फ्एक पेड़ मां के नामफ् अभियान 1 जुलाई से 15 सितंबर तक चलेगा
- सभी जिलों में जिला विकास सलाहकार समितियों का होगा गठन
- जन प्रतिनिधियों सहित चिकित्सा, इंजीनियरिंग, कृषि, उद्यानिकी, डेयरी क्षेत्र के विशेषज्ञ भी होंगे शामिल



**भोपाल (ए.)**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में एक बगिया मां के नाम से नई योजना आरंभ की जा रही है। इसमें प्रदेश स्तर पर स्व-सहायता समूह की 30 हजार महिलाओं की 30 हजार एकड़ भूमि पर लगभग 900 करोड़ की लागत से आजीविका संवर्धन के लिए 30 लाख उद्यानिकी पौधों का रोपण कर फल उद्यान विकसित किए जाएंगे। इस योजना में हितग्राहियों को पौधे, खाद, गड्ढे खोदने के साथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए तार फेंसिंग और सिंचाई के लिए जल कुंड बनाने के लिए भी धनराशि प्रदान की जाएगी। उद्यान विकास के लिए महिला हितग्राहियों को प्रशिक्षित भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रि-परिषद की बैठक के पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे।

### 1 जुलाई से 15 सितंबर तक चलेगा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की लगभग 100 नदियों के उद्गम स्थलों पर 10-10 एकड़ भूमि पर 42 करोड़ रुपए की लागत से पौधों का रोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 1 जुलाई से 15 सितंबर तक एक पेड़ मां के नाम अभियान आयोजित होगा, जिसे पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय विकास, वन, उद्यानिकी सहित सभी विभाग जनसहभागिता से संचालित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी जिलों में जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किया जाना है। समिति में सांसद, विधायक, पंचायत तथा नगरीय निकायों के प्रतिनिधियों के साथ ही चिकित्सा, विधि, इंजीनियरिंग, समाज सेवा, कृषि, उद्यानिकी डेयरी आदि क्षेत्रों के विशेषज्ञ और प्रख्यातजन शामिल होंगे।

### जल गंगा संवर्धन अभियान में बने 85 हजार से अधिक खेत तालाब

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत खेत का पानी खेत में संचित करने के उद्देश्य से प्रदेश में 85 हजार से अधिक खेत तालाबों का निर्माण किया गया। भूजल संवर्धन के लिए 1 लाख से अधिक कुओं का पुनर्भरण किया गया। पानी की अमृत बूंद को सहेजने के लिए अमृत सरोवर 2.0 के तहत 1000 से अधिक नए अमृत सरोवरों का निर्माण प्रारंभ हुआ।

शहरी क्षेत्र में समाज की सहभागिता से 3300 से अधिक जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन, 2200 नालों की सफाई और 4000 वर्षा जल संचयन संरचनाएं बनाई गई। इसके साथ ही 40 लाख से अधिक नागरिकों ने 5000 से अधिक ऐतिहासिक/धार्मिक जल स्त्रोतों (बावड़ी, मंदिर तालाबों आदि) की सफाई और जीर्णोद्धार में भाग लिया। अभियान के अंतर्गत 2 लाख 30 हजार जलदूतों का रजिस्ट्रेशन हुआ।

**राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज हुईं 15 हजार से अधिक जल संरचनाएं**

नर्मदा परिक्रमा पथ और पंचकाषी यात्रा जैसे अन्य तीर्थ मार्गों का डिजिटलीकरण किया गया। अवरिल निर्मल नर्मदा योजना के तहत 5600 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधरोपण की योजना स्वीकृत कराकर कार्य आरंभ किया गया। वन क्षेत्रों में वन्यजीवों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 2500 से अधिक तालाब, स्टॉप डैम जैसी जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण किया गया।

प्रदेश की 15 हजार से अधिक जल संरचनाओं और जल संग्रहण संरचनाओं को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने का कार्य भी अभियान के अंतर्गत किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मानसून में रोपण के लिए 6 करोड़ पौधे तैयार किए गए हैं।

**7 जुलाई से 6 अगस्त तक होगा मूंग और उड़द का उपार्जन**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर मूंग उपार्जन के लिए 3.51 लाख मैट्रिक टन और उड़द उपार्जन के लिए 1.23 लाख मैट्रिक टन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मूंग के लिए 30 जून तक 2 लाख 94 हजार किसानों ने तथा उड़द के लिए 11 हजार 495 किसानों का पंजीयन हो चुका है। पंजीयन के लिए 6 जुलाई तक अंतिम तिथि निर्धारित है।

## शादी समारोह से बाइक चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश : आगरा पुलिस ने इटावा के दो शातिर चोरों को पकड़ा, 7 बाइक और पार्ट्स बरामद

**पुलिस की बड़ी कामयाबी : अंतरराज्यीय वाहन चोर गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार, सात बाइक बरामद, शमसाबाद पुलिस ने पकड़े दो अपराधी, शादी समारोहों से बाइक चुराकर पार्ट्स में बेचते थे, तमंचा भी बरामद**



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** जनपद के थाना शमशाबाद पुलिस और सर्विलांस टीम ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इटावा के दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 7 चोरी की बाइक, कटे हुए पार्ट्स और एक तमंचा बरामद किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना शमसाबाद पुलिस और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इटावा के दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर सात चोरी की बाइकें, कटी हुई बाइकों के पार्ट्स और एक अवैध तमंचा बरामद किया है। यह गैंग शादी समारोहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पल भर में बाइकें गायब कर देता था। पकड़े गए चोर शादी समारोहों को अपना निशाना बनाते थे। वे मौका देखकर बाइक चुराते थे। इन बाइकों में दिल्ली और गुड़गांव से चोरी की गई बाइकें भी शामिल हैं। आरोपी चुराई गई बाइकों के पार्ट्स काटकर कबाड़ में बेच देते थे।एसीपी शमशाबाद गिरीश कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि पकड़े गए अंतरराज्यीय गैंग के चोर मुवीन पुत्र मम्तियाज, रवि हुसैन पुत्र एहसान अली दोनों इटावा के जसवंत नगर के रहने वाले हैं। पकड़ा गया रवि हुसैन ऑटो पार्ट्स की दुकान करता है, वही चोरी की बाइकों को काटकर उनके पार्ट्स बेचता था, तो वही मुबीन बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देता था। शमशाबाद पुलिस टीम और सर्विलांस की टीम ने चेकिंग के दौरान शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। यह कार्रवाई आगरा पुलिस की एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी लंबे समय से वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों के नाम मुबीन और रवि हैं, जो इटावा के जसवंतनगर क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस को इनकी गिरफ्तारी से दिल्ली और आसपास के जिलों में हुई कई बाइक चोरी की घटनाओं के खुलासे की उम्मीद है।

**शादी समारोहों को बनाते थे निशाना**

एसीपी शमसाबाद गिरीश कुमार ने जानकारी दी कि इन चोरों का मुख्य तरीका यह था कि ये शादी-पार्टियों और धार्मिक आयोजनों में भीड़ का फायदा उठाकर पार्क की गई बाइकें चोरी कर लेते थे। मुबीन बाइक चुराने में माहिर था जबकि रवि, जो दोपहिया वाहन मरम्मत की दुकान चलाता था, उन बाइकों के पार्ट्स निकालकर अलग-अलग बाइकों में फिट कर देता था, जिससे पहचान मुश्किल हो जाती थी। ये लोग पार्ट्स दूसरों को बेचा भी करते थे। गिरफ्तार मुबीन के खिलाफ पहले से ही 5-6 मुकदमे दर्ज हैं। पकड़ी गई सात बाइकों में से तीन की एफआईआर की पुष्टि हो चुकी है जबकि बाकी की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि चुराई गई बाइक के पार्ट्स किन दुकानों या कबाड़ियों को बेचे गए और कहां-कहां खपाए गए।

**बॉर्डर पार भी फैला था गैंग का नेटवर्क**

यह गैंग केवल आगरा और इटावा ही नहीं, बल्कि दिल्ली तक अपनी गतिविधियां फैला चुका था। पुलिस इसे अंतरराज्यीय गैंग मान रही है और बाकी साथियों की तलाश के लिए सघन जांच जारी है। गिरफ्तार मुबीन और रवि से पुलिस पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

**चेकिंग के दौरान फंसे जाल में**

पुलिस ने बताया कि शमसाबाद क्षेत्र में चेकिंग के दौरान जब एक बाइक पर सवार दो लोगों को रोका गया तो वे घबरा गए। जब उनकी बाइक की जांच की गई तो वह चोरी की निकली और तलाशी के दौरान एक अवैध तमंचा भी बरामद हुआ। पूछताछ में दोनों ने पहले गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन सख्ती के बाद सच उगल दिया।

## मुड़िया पूर्णिमा मेला : मथुरा में तीर्थयात्रियों की सुविधाओ के लिए रेलवे द्वारा की गई विशेष तैयारियां

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा / मथुरा।** मथुरा में मुंडिया पूर्णिमा मेला 05.जुलाई से 12.जुलाई तक आयोजन के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा अधिकारियो के साथ मंडल कार्यालय में बैठक की गई। बैठक में मेले को लेकर विभिन्न बिंदुओं जेसे यात्रियों की निर्बाध, सुविधाजनक एवं सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। मथुरा जंक्शन व गोवर्धन रेलवे स्टेशन पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए श्रद्धालुओं/ यात्रियों के लिए अतिरिक्त व्यवस्था की जाएगी द्य द्वितीय प्रवेश द्वार (मालगोदाम की ओर) तथा तृतीय प्रवेश द्वार (धौली प्याऊ) की ओर यात्री शेड की व्यवस्था श्रद्धालुओं की सुविधा और आराम को ध्यान में रखते हुए की गई है। प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय प्रवेश द्वार पर मेला यात्री 18 बुकिंग टिकट काउंटर तथा अतिरिक्त पूछताछ काउंटर खोले जायेंगे, जिससे भीड़ प्रबंधन बेहतर हो सके। सभी प्रवेश द्वारों पर यात्रियों के मार्गदर्शन, गुमशुदा सूचना, टिकट, भीड़ नियंत्रण हेतु स्टेशन पर हेल्प डेस्क/इनफॉर्मेशन बूथ कार्यरत रहेंगे। मथुरा जंक्शन स्टेशन पर राउंड द क्लॉक चिकित्सा शिविर, प्राथमिक उपचार सहायता तथा किसी भी आपात स्थिति के लिए 24×7 एम्बुलेंस की व्यवस्था एवं अन्य संसाधन उपलब्ध होंगे ताकि श्रद्धालुओं को कोई आपात स्थिति नहीं हो?। मथुरा जंक्शन स्टेशन पर समर्पित खोया-पाया केंद्र (खोया-पाया बूथ) की व्यवस्था की जाएगी 7 मथुरा जंक्शन स्टेशन के सभी प्रवेश द्वारों पर आसपास साफ़ - सफाई पर नियंत्रण के लिए पर्याप्त मोबाइल शौचालय वैन की व्यवस्था की गयी है। मथुरा जंक्शन, भूतेश्वर तथा गोवर्धन में प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय, रास्तों पर अतिरिक्त सफाईकर्मी नियुक्त किए गए हैं, कचरा प्रबंधन के लिए पर्याप्त डस्टबिन और कचरा संग्रहण की व्यवस्था की गई है। ताकि भीड़-भाड़ में भी सफाई बनी रहे।

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में 02 जुलाई से प्रवेश प्रारम्भ

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** नोडल प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान श्री मान सिंह भारती ने अवगत कराया है कि जनपद के राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में जिन अभ्यर्थियों ने प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन किये थे। राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद उ0प्र0 अलीगंज लखनऊ द्वारा आज प्रथम चयन सूची प्राप्त हो गई है। नोडल प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान श्री मान सिंह भारती ने आगे यह भी अवगत कराया है कि जिन अभ्यर्थियों का चयन प्रवेश हेतु हुआ है, वह सभी अभ्यर्थी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बल्केश्वर, आगरा /महिला/एत्मादपुर/फतेहाबाद/खेरागढ़/वाह, आगरा में उपस्थित होकर अपना प्रवेश दिनांक 02.07.2025 से 08.07.2025 तक प्रवेश प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

## वृक्षारोपण अभियान-2025 को जन-आन्दोलन का रूप देने के लिए व्यापक रणनीति तैयार -संजीव रंजन, जिलाधिकारी



**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण एवं वृक्षारोपण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में वृक्षारोपण अभियान-2025 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि ÷पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ÷ को जन-आन्दोलन का स्वरूप देने के लिए सभी विभागों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं आमजन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशानुसार प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों एवं जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम में चयनित परिवारों द्वारा दो-दो सहजन के पौधे लगवाना अनिवार्य किया गया है। सहजन के औषधीय एवं पौष्टिक गुणों के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि गंगा बेसिन क्षेत्र सहजन वृक्ष के लिए उपयुक्त है और इसे खेतों की मेड़, घरों के आंगन, स्कूलों एवं पार्कों में आसानी से लगाया जा सकता है। बैठक में वृक्षारोपण में जनसहभागिता बढ़ाने के लिए रोटरी क्लब, लाइंस क्लब, हमसफर एजुकेशनल सोसाइटी, एनसीसी, एनएसएस, लोक भारती और व्यापार मंडल जैसी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से सम्पर्क एवं समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए। इनके लिए प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग नवीन प्रकाश, जिला विद्यालय निरीक्षक पूरन सिंह एवं जिला उद्योग केन्द्र के अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। वर्षाकाल 2025 वृक्षारोपण के लिए पौध रोपण स्थलों पर स्मार्टफोन से भू-निर्देशांक सहित फोटोग्राफी एवं हरीतिमा ऐप के माध्यम से जियो टैगिंग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामीण रोजगार सेवकों को इसके लिए नामित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने शौर्य वन, गोपाल वन एवं ऑक्सी वन की स्थापना के लिए विभागवार कार्ययोजना बनाने के निर्देश देते हुए कहा की शौर्य वन स्वतंत्रता दिवस को शहीद सैनानियों के गांवों में उनकी स्मृति में स्थापित किया जाएगा। गोपाल वन गौशालाओं में छायादार एवं चारा प्रजातियों के पौधों के रोपण के लिए स्थानीय गोपालकों व संत समाज की भागीदारी से स्थापित होगा। ऑक्सी वन नगर निगम क्षेत्रों में वायु प्रदूषण नियंत्रण और जैवविविधता संरक्षण के लिए स्कूली बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों की सहभागिता से विकसित किए जाएंगे। वन विभाग द्वारा पौधशालाओं से निशुल्क पौध वितरण के लिए Direct Sapling Transfer Software के माध्यम से QR Coded Indent जारी किये जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने सभी विभागों से आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष पौध उठान शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त, अतिविशिष्ट व्यक्तियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने, कार्यक्रमों का समाचार पत्रों और मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराने तथा वृक्षारोपण स्थलों की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल या जैविक तारबाड़ की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी नवीन प्रकाश, अग्निशमन अधिकारी अरविंद कुमार सिंह, सहजिला विद्यालय निरीक्षक राजकिशोर, सहायक नगर आयुक्त राकेश यादव, सीवीओ डॉ दिवाकर त्रिपाठी, डीसी मनरेगा अनुज सक्सेना, जिला विकास अधिकारी आलोक आर्या, एआरटीओ प्रवेश कुमार, सहायक महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र ब्रजेश यादव, डीपीआरओ यतेंद्र सिंह सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## महापौर ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का किया शुभारंभ

**जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना**



**अलीगढ़।** महापौर श्री प्रशांत सिंघल द्वारा द्वितीय संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत मलखान सिंह जिला चिकित्सालय से जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। मा0 महापौर ने उपस्थित जनों से साफ-सफाई एवं स्वच्छता की अपील करते हुए कहा कि अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। घरों में एवं आस जलभराव न होने दें। स्वास्थ्य विभाग की टीमों का पूरा सहयोग करें। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 नीरज त्यागी ने बताया कि जिले में द्वितीय चरण में 1 जुलाई से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने इस अवसर पर सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए संचारी रोगों से सावधान होने की अपील की।

जागरूकता रैली के दौरान जिला मलेरिया अधिकारी विनीता मिश्रा समेत अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला सर्विलांस अधिकारी, नगरी मलेरिया अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी साथ साथ नगर निगम के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे। इसके साथ ही जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सा अधीक्षक एवं मलेरिया निरीक्षकों द्वारा आशा आंगनबाड़ी एएनएम एवं समस्त स्टाफ के द्वारा रैलियां निकाली गईं।

## विदेश व्यापार मंत्रालय भारत सरकार की अपर महानिदेशक सुश्री वृंदा मनोहर देसाई ने निर्यातकों के साथ की बैठक समस्याओं के शीघ्र समाधान का दिया आश्वासन



**अलीगढ़।** भारत सरकार विदेश व्यापार मंत्रालय की अपर महानिदेशक सुश्री वृंदा मनोहर देसाई ने मंगलवार को अलीगढ़ में प्रमुख निर्यातकों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। बैठक में निर्यातकों द्वारा कच्चे माल (रॉ मैटेरियल) की दरें कम से कम तीन माह तक स्थिर रखने, निर्यात ऋण पर ब्याज अनुदान उपलब्ध कराने और क्लेम प्राप्ति की प्रक्रिया को सरल बनाते हुए न्यूनतम दस्तावेजीकरण सुनिश्चित करने की मांग प्रमुखता से रखी गई। बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्यातकों के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे बाजार विपणन प्रोत्साहन योजना एवं गेटवे पोर्ट अनुदान योजना की भी विस्तृत जानकारी दी गई। जिला उद्योग केंद्र के सहायक प्रबंधक बृजेश यादव ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश निर्यात नीति-2025 तैयार की जा रही है, जिसके लिए प्रदेश भर के निर्यातकों से सुझाव प्राप्त किए जा चुके हैं। निर्यातकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए सुश्री देसाई ने आश्वस्त किया कि उनके समाधान के लिए शीघ्र सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिला निर्यात समिति की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएं और उनमें निर्यातकों द्वारा उठाए गए मुद्दों का त्वरित समाधान कराया जाए।

यदि किसी विभाग द्वारा निर्यातकों की समस्याओं के निराकरण में लापरवाही बरती जाती है, तो इसकी सूचना सीधे उन्हें उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर पर विदेश व्यापार के क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर के सहायक निदेशक राजन जोशी, जिला उद्योग केंद्र से सहायक आयुक्त राजमन विश्वकर्मा सहित जिले के प्रमुख निर्यातक पीयूष अग्रवाल (के हार्डवेयर), वरुण गर्ग (वेस्टर्न मैन्युफैक्चरर), नितिन मित्तल (स्पैन ओवरसीज) संजीव गुप्ता (होम फिट एक्सपोर्ट) एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## अलीगढ़ में महावृक्षारोपण अभियान, 39 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे, विभागवार लक्ष्य निर्धारित

**अलीगढ़।** जिले में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए व्यापक वृक्षारोपण अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत जिले में कुल 39,38,600 पौधे लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस के लिए वन विभाग, पर्यावरण विभाग, ग्राम विकास, आदर्श विकास परिषद, शहरी निकायों से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, सेना, रेलवे, सिंचाई, पशुपालन जैसे कुल 45 विभागों को उनके क्षेत्राधिकार और क्षमता के अनुसार लक्ष्य आवंटित कर दिए गए हैं। जिला अधिकारी संजीव रंजन ने कहा है कि केवल पौधे लगाना लक्ष्य नहीं होना चाहिए, बल्कि उनकी सतत देखभाल कर उन्हें सुरक्षित बड़े वृक्ष में परिवर्तित करना है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व हराभरा पर्यावरण मिल सके।

**प्रमुख विभागवार लक्ष्य :**

वन विभाग 5,00,000, ग्राम विकास 2,34,000, पर्यावरण विभाग 2,26,000, भूमि संरक्षण व सिंचाई विभाग 1,70,000, नगर निगम व नगर निकायों द्वारा सामूहिक रूप से 50,000 से अधिक, शिक्षा विभाग (माध्यमिक, प्राथमिक, उच्च शिक्षा) 31,000, स्वास्थ्य विभाग 4,300, पुलिस विभाग 6,520, पैरा मिलिट्री 3,000 के अलावा नगर पंचायतों, ग्राम पंचायतों और अन्य विभागों द्वारा भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। कुल 39 लाख से अधिक पौधों के रोपण के इस लक्ष्य को जुलाई-अगस्त के मानसून काल में साकार किया जाएगा, ताकि पौधों की बेहतर जीवितता सुनिश्चित हो सके।

**जिला प्रशासन की तैयारी**

जिलाधिकारी के निर्देशन में विभागवार समीक्षा बैठकें आयोजित कर कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जा चुका है। सभी विभागाध्यक्षों को रोपण स्थलों का चयन, गड्ढों की खुदाई, पौधों की व्यवस्था, और सिंचाई के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश पूर्व में ही दिए जा चुके हैं। प्रत्येक विभाग को अपने लक्ष्य की पूर्ति की जिम्मेदारी सौंपी गई है और समयबद्ध रिपोर्टिंग की व्यवस्था भी की गई है।

**जनसहभागिता पर जोर**

वृक्षारोपण को जनांदोलन का स्वरूप देने के लिए स्कूलों, स्वयंसेवी संगठनों, पंचायतों और सामाजिक संस्थाओं को भी अभियान से जोड़ा गया है। आम नागरिकों से भी अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की गई है, ताकि पर्यावरण संरक्षण में सामूहिक सहभागिता को बढ़ावा मिल सके।

## छात्र/छात्रायें दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना हेतु 10 जुलाई से 20 दिसम्बर तक करें आवेदन

सांध्य पहल संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी आशीष द्विवेदी ने बताया है कि शैक्षिक सत्र वर्ष 2025-26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्कप्रतिपूर्ति योजना में आनलाइन पिछड़ी जाति वर्ग के छात्रों हेतु आवेदन से लेकर संस्थाओं द्वारा छात्रों के डाटा सत्यापन/अग्रसारण हेतु समय सारिणी जारी की गयी है। उन्होने बताया है कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्कप्रतिपूर्ति योजना पिछड़ी जाति वर्ग के छात्र/छात्रायें आनलाइन आवेदन 10 जुलाई से 20 दिसम्बर 2025 तक कर सकते है। छात्र/छात्राओं द्वारा किये गये आनलाइन आवेदन को फाइनल सबमिशन एवं प्रिन्ट आउट 12 जुलाई से 23 दिसम्बर तक किया जायेगा। दिनांक 24 दिसम्बर तक आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी छात्र/छात्राओं द्वारा वांछित संलग्नकों सहित विद्यालय में जमा किया जायेगा। उन्होने यह भी बताया है कि प्रथम चरण में दिनांक 10 दिसम्बर तक छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी एवं संलग्न अभिलेखों से छात्र/छात्रों के समस्त विवरण का शिक्षण संस्थान द्वारा मिलान एवं आनलाइन आवेदन प्राप्त करना, अपात्र छात्रों का आवेदन निरस्त करना एवं पात्र छात्रों का आवेदन आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित किया जायेगा। द्वितीय चरण में दिनांक 11 दिसम्बर 2025 से 10 जनवरी 2026 तक छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी एवं संलग्न अभिलेखों से छात्र/छात्रों के समस्त विवरण का शिक्षण संस्थान द्वारा मिलान एवं आनलाइन आवेदन प्राप्त करना, अपात्र छात्रों का आवेदन निरस्त करना एवं पात्र छात्रों का आवेदन आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित किया जायेगा। दिनांक 23 जनवरी से 28 जनवरी तक छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की त्रुटियों को ठीक करके हार्डकापी समस्त वांछित संलग्नकों सहित विद्यालय में जमा किया जायेगा तथा दिनांक 23 जनवरी से 31 जनवरी तक त्रुटियों को ठीक करके छात्र द्वारा जमा किये गये आवेदन पत्रों का विद्यालय द्वारा संलग्न अभिलेखों से मिलान करके आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित किया जायेगा।

## तहसील किरावली में मत्स्य पालन हेतु तालाबों के आवंटन हेतु शिविर का आयोजन 09 जुलाई को

**तालाबों के आवंटन हेतु अधिक जानकारी के लिए कार्यालय उप जिलाधिकारी किरावली में करें सम्पर्क**

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** उप जिलाधिकारी किरावली ने अवगत कराया है कि मत्स्य पालन हेतु दिनांक 09.07.2024 को तहसील किरावली के अन्तर्गत पड़ने वाले ग्रामसभाओं यथा फतेहपुरा, नागर, अरूआखास, बैमन, रामपुर, छैः पोखर, जाजऊ तथा इम्लाबदा के तालाबों का आवंटन हेतु शिविर आयोजित किया गया है, जिसमें वरीयता के क्रम में एक से अधिक आवेदन पत्र एक ही तालाब पर आने पर तत्समय नीलामी प्रक्रिया द्वारा कार्यवाही सम्पादित की जायेगी। तालाब जैसा है जहां है, के आधार पर आवंटन किया जायेगा। एक से अधिक पात्र व्यक्ति होने की दशा में आवंटन नीलामी द्वारा किया जायेगा। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि आवंटन हेतु आवेदन शिविर की तिथि से एक दिन पूर्व अर्थात दिनांक 8.07.2025 की सांय 5ः00 बजे तक तहसील के रजिस्ट्रार कानूनगों कार्यालय में जमा किये जाएंगें। प्रत्येक आवेदक को आवेदन-पत्र उपलब्ध कराने की प्राप्ति रसीद दी जाएगी तथा उक्त दिखाने पर ही शिविर में प्रवेश दिया जाएगा। आवेदक के अलावा अन्य किसी भी व्यक्त को शिविर में प्रवेश नही दिया जाएगा। आवेदन के साथ प्रश्नगत तालाब से संबन्धित खतौनी की अद्यतन प्रति व जाति प्रमाण-पत्र तथा समिति की दशा मे पंजीकरण एवं समिति के सदस्यों की सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित सूची प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है। अधूरे एवं अपूर्ण आवेदन-पत्र स्वीकार नही किए जाएंगे। पत्रावली को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार उप जिलाधिकारी का होगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय उप जिलाधिकारी किरावली में सम्पर्क किया जा सकता है।

## औद्योगिक इकाइयों के लिए पंजीयन शिविर आयोजित

**उद्योगों को सुविधाजनक पंजीकरण का अवसर**

**अलीगढ़।** प्रदेश सरकार की औद्योगिक विकास एवं श्रम नीति के तहत, श्रमायुक्त उत्तर प्रदेश, कानपुर द्वारा जारी आदेश एवं मा. मुख्यमंत्री कार्यालय व अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के निर्देशों के अनुपालन में औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित इकाइयों के फैक्ट्री एक्ट/दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम के अंतर्गत पंजीयन सुनिश्चित कराने के लिए व्यापक अभियान प्रारंभ किया गया है। उप श्रम आयुक्त नदीम अहमद ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इसके साथ ही समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार, अपंजीकृत इकाइयों का पंजीयन सुनिश्चित कराने के लिए यूपीसीडा अधिकारियों एवं श्रम विभाग के सहयोग से औद्योगिक क्षेत्रों में जनपदवार कैम्प लगाए जाएंगे। इस अभियान का उद्देश्य व्यापारियों एवं उद्यमियों को पंजीयन की सुविधा सुलभ कराना है, जिससे श्रमिकों के अधिकारों का संरक्षण एवं उद्योगों का सुचारु संचालन सुनिश्चित हो सके।

**पंजीयन शिविर का कार्यक्रम :**

तालानगरी इण्डस्ट्रियल प्रथम व द्वितीय (अलीगढ़) - 02 से 04 जुलाई 2025

सीडीएफ (अलीगढ़) - 05 से 07 जुलाई 2025

सलेमपुर (हाथरस)- 08 से 09 जुलाई 2025

सलेमपुर एक्सटेंशन-2 (हाथरस)- 10 से 11 जुलाई 2025

एटा इण्डस्ट्रियल एरिया- 14 से 15 जुलाई 2025

एटा आईआईडीसी- 16 से 17 जुलाई 2025

ओ.एम.आई. (एटा)- 18 से 19 जुलाई 2025

उप श्रम आयुक्त ने औद्योगिक प्रतिष्ठानों से अपील करते हुए कहा है कि वे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाते हुए निर्धारित तिथियों में आयोजित कैम्प में पहुंचकर अपने प्रतिष्ठानों का पंजीयन अवश्य कराएं, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कठिनाई से बचा जा सके और उन्हें राज्य सरकार की योजनाओं एवं लाभों का पूर्ण लाभ मिल सके।

## प्रतापगढ़ के पुलिस ने जून माह में अपराधियों को सबक सिखाकर जीता जनता का विश्वास

**प्रतापगढ़।** पुलिस की एक माह की कार्यशैली जान कर आप आश्चर्य चकित रह जायेंगे क्यों कि पुलिस की सामान्य कार्यशैली ने लोगों में अविश्वास पैदा किया लेकिन जिले के कप्तान अपनी कार्यशैली से जनता का भरोसा जीतने में कामयाब रहे हैं।, जून महीने में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था सुधार करने के लिए जिले में हुई कड़ी कार्यवाही। पुलिस कप्तान के नेतृत्व में गैंगस्टर एक्ट के 19 मुक़दमे दर्ज किये गये। जिसमें कोतवाली नगर तीन, आसपुर देवसरा दो, देल्हूपुर दो, कोतवाली देहात दो, कंधई दो सहित अन्य थानों पर कार्रवाई हुई । वही पुलिस मुठभेड़ों में 13 शातिर अपराधी गिरफ्तार, 9 घायल। लीलापुर, लालगंज, बाघराय, कोतवाली नगर, कोतवाली देहात, कंधई, और आसपुर देवसरा में हुई कार्रवाई वही इनामिया अपराधी की बात करे तो 12 इनामिया, गिरफ्तार पांच पर ?50,000 और 7 पर ?25,000 का इनाम हुआ था घोषित । वही छः अपराधियो पर गैंग सूचीबद्ध के खिलाफ 2 गैंग गौवध और लूट/हत्या पर कार्यवाही हुई । वही करीब 36 पेशेवर अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई, सर्वाधिक फतनपुर से आठ और कोतवाली नगर छः।वही पुलिस न्यायालय में भी पैरवी करते हुये आपरेशन कन्विक्शन के तहत 5 अभियुक्तों को आजीवन कारावास, 1 को 7 वर्ष से अधिक की सजा सुनाई गई। वही साइबर क्राइम में 28 पीड़ितों को ?5,48,711 रुपये वापस कराए गए। थानों में पहले से पकड़े गए मादक पदार्थ ?88 लाख कीमत की 3096 लीटर अवैध शराब नष्ट कराएंगे। वही दो अपराधियो की ?1.94 करोड़ की संपत्ति चन्द्रशेखर सिंह- ?84 लाख, गुलशन यादव- ?1.10 करोड़ की संपत्ति हुई कुर्क ।यातायात कार्रवाई की बात करे तो 5623 वाहनों का चालान, 78 वाहन सीज, 38 टोचन, 923 नो-पार्किंग चालान, 2783 वाहनों में रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप, और 1835 वाहनों का सत्यापन किआ गया । पुलिस कप्तान ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कठोर कार्रवाई जारी रहेगी, जिससे जनता की सुरक्षा और शांति सुनिश्चित होगी।

## नगर निगम ने कूड़ा संग्रहण व्यवस्था पर जताई गंभीर नाराज़गी, अनुबंधित फर्म को जारी किया कड़ा निर्देश

**अलीगढ़।** नगर निगम अलीगढ़ द्वारा शहर के सभी 90 वार्डों में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण का कार्य मैसर्स अर्बन एनवायरोटेक सर्विसेज प्रा0 लि0 को सौंपा गया है। अनुबंध की शर्तों के अनुसार फर्म को शत-प्रतिशत घरों से कूड़ा संग्रहण कर, कूड़े का पृथक्करण सुनिश्चित करते हुए कम्पोस्टिंग, एमआरएफ एवं प्रोसेसिंग प्लांट तक पहुंचाना अनिवार्य था। परंतु नगर निगम के निरीक्षण एवं क्षेत्रीय रिपोर्टों में यह बार-बार पाया गया कि कई वार्डों में कूड़ा खाली भूखंडों और प्लाटों में अव्यवस्थित रूप से फेंका जा रहा है, जिससे स्थानीय जनता में आक्रोश व्याप्त है तथा नगर निगम की छवि धूमिल हो रही है। नगर निगम प्रशासन द्वारा कई बार फर्म के ज़ोनल प्रभारियों को चेतावनी देने के बावजूद स्थिति में कोई सकारात्मक सुधार नहीं हुआ है। नगर आयुक्त ने अनुबंधित फर्म मैसर्स अर्बन एनवायरोटेक सर्विसेज प्रा0 लि0 को अंतिम चेतावनी जारी करते हुए निर्देशित किया है कि फर्म शत-प्रतिशत घरों से नियमित कूड़ा संग्रहण एवं पृथक्करण सुनिश्चित कर, इसकी सूचना नगर निगम कार्यालय को तत्काल उपलब्ध कराएं। अन्यथा की स्थिति में फर्म के विरुद्ध अनुबंध की शर्तों के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नगर निगम अलीगढ़ शहरवासियों से भी अपील करता है कि स्वच्छता बनाए रखने में निगम का सहयोग करें एवं कूड़ा इधर-उधर न फेंकें।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान / दस्तक अभियान के तहत निकाली गई जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय विशाल रैली

**माननीय महापौर श्रीमती हेमलता दिवाकर कुशवाह जी एवं डा0 अरूण कुमार श्रीवास्तव मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा रैली का हरी झंडी दिखाकर किया शुभारम्भ**

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा. 01 जुलाई ।** मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर आज संचारी रोग नियंत्रण अभियान जो कि दिनांक 01.07.2025 से 31.07.2025 तक चलाया जाना है एवं दस्तक अभियान दिनांक 11.07.2025 ये 31.07.2025 तक चलाया जाना है की जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय विशाल रैली आयोजित की गई।

माननीय महापौर श्रीमती हेमलता दिवाकर कुशवाह जी एवं डा0 अरूण कुमार श्रीवास्तव मुख्य चिकित्सा अधिकारी, आगरा के द्वारा रैली का हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया गया। उक्त रैली में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 संजीव वर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, वी0बी0डी0 डा0 सुरेन्द्र मोहन प्रजापति, जिला मलेरिया अधिकारी श्री राजेश कुमार गुप्ता, डा0 नन्दन सिंह, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा0 त्रिषि गोपाल, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा0 उपेन्द्र कुमार, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं यूनीसेफ प्रतिनिधि श्री राहुल कुलश्रेष्ठ सहित अन्य समस्त 11 विभागों के अधिकारी / कर्मचारियों तथा आशा / ऑगनवाडियों ने प्रतिभाग किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, आगरा ने प्रेस वार्ता में नगर विकास, पशु पालन विभाग, पंचायती राज विभाग, समाज कल्याण विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, दिव्यांग कल्याण विभाग, कृषि एवं सिंचाई विभाग, शिक्षा विभाग, सूचना विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा इस अभियान के दौरान साफ-सफाई, झाडियों की कटाई, तालाबों की सफाई एण्टीलार्वा छिडकाव एवं फॉगिंग, शुद्ध पेय जल, पुष्टाहार, स्कूलों में बच्चों को स्वास्थ्य शिक्षा तथा सभी दिव्यांग बच्चों को शतप्रतिशत आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराये जाने सहित स्वास्थ्य विभाग की समस्त गतिविधियों के पूर्ण प्रतिवद्धता के साथ संचालित करने के दिशा निर्देश दिये। रैली कार्यक्रम में सी0फार0, एन0जी0ओ0 संस्था एम्बेड के वर्कर ने भी अत्यधिक उर्जा के साथ प्रतिभाग किया।

# नाबालिग किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार, आरोपी जालौन का निवासी

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** थाना बाह पुलिस टीम द्वारा नाबालिक किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार... 28 जून.2025 को एक व्यक्ति द्वारा थाना बाह पर तहरीर दी गयी कि 27 जून 2025 को सुबह करीब 08.00 बजे उसकी पौत्री मेंहदी लगाने जरार ब्यूटी पार्लर गयी थी। लेकिन काफी समय बाद भी उसकी पौत्री वापस नही लौटी। काफी तलाश करने पर भी कोई जानकारी प्राप्त नही हुयी। जिस सम्बन्ध में थाना बाह पर धारा 137(2) बीएनएस के मामला दर्ज किया गया। मंगलवार को थाना प्रभारी बाह सुरेश चन्द्र गौतम एसआई आयुष कुमार और कास्टेबल अतुल कुमार के साथ क्षेत्रान्तर्गत चैंकिग कर रहे थें। चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि उक्त मकदमें से सम्बन्धित 01 अभियुक्त दीपक सिंह पुत्र जयनारायन सिंह निवासी ग्राम ग्राम खेरा थाना कुठौंद जिला जालौन ग्राम जरार के पास है। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर तत्काल कार्यवाही करते हुये 01 अभियुक्त दीपक सिंह पुत्र जयनारायन सिंह को ग्राम जरार के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। थाना बाह पुलिस के अनुसार अपहर्ता को 25 जून 2025 को सकुशल बरामद कर लिया गया था।

# अवैध निर्माण पर जारी हुआ नोटिसः कमलानगर में मार्केट में हो रहा था अवैध निर्माण, आवास विकास परिषद ने चलाया अभियान

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** आवास विकास परिषद ने कमलानगर योजना में अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया। अवैध निर्माण को रुकवाया गया। 12 दुकानों को नोटिस भी जारी किए गए। जिस मार्केट में गैलरी में निर्माण किया गया था, उसे 10 दिन में खाली करने के निर्देश दिए गए। अधीक्षण अभियंता अतुल कुमार को शिकायत मिली कि कमलानगर आवासीय योजना, सेक्टर सी 2 में संपत्ति संख्या सी 2/12 पर अवैध निर्माण कार्य चल रहा है। अधीक्षण अभियंता अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहां निरीक्षण किया। जांच में शिकायत सही पाई गई और पाया गया कि निर्माण कार्य परिषद की सेक्टर 2 स्थित विकास मार्केट में अवैध रूप से किया जा रहा था। उन्होंने तत्काल निर्माण कार्य को रुकवाया तथा आवंटी को स्पष्ट निर्देश दिए कि वह निर्माण से जुड़े सभी दस्तावेज परिषद कार्यालय में प्रस्तुत करे। साथ ही निर्देशित किया गया कि पूरी जांच एवं आवश्यक अनुमति प्राप्त होने तक किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न किया जाए।

**गैलरी में भी किया गया था निर्माण**

निरीक्षण के दौरान अतुल कुमार ने यह भी देखा कि पहले से आवंटित कई दुकानों की गैलरी पर भी अवैध कब्जा कर निर्माण कर लिया गया है और उन्हें व्यावसायिक गतिविधियों में उपयोग में लाया जा रहा है। इस पर नाराजगी जताते हुए अधीक्षण अभियंता ने ऐसी 12 अन्य दुकानों को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। परिषद के प्रवर्तन दल एवं कर्मचारियों ने सभी अवैध निर्माणकर्ताओं को 10 दिनों के भीतर गैलरी खाली करने के सख्त निर्देश जारी किए हैं।

इस कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल अधिकारी कर्नल जीएम ख़ान, अधिशासी अभियंता अनिल कुमार, प्रवर्तन दल के सदस्य तथा परिषद के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# मुस्लिमों का बड़ा ऐलान....नहीं दफनाएंगे ताजिए, इस वजह से हुए नाराज़

**कस्बा मिढ़ाकुर के मुस्लिमों ने ताजिया नहीं दफनाने का ऐलान किया, तो एलआईयू अलर्ट हो गई। दूसरे दिन पुलिसबल मौके पर पहुंच गया। इन लोगों का कहना है कि जिस रास्ते से कर्बला जाना है, उस पर जलभराव है।**

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** थाना किरावली क्षेत्र के कस्बा मिढ़ाकुर के मुस्लिमों ने ताजिया नहीं दफनाने का ऐलान किया है। मुस्लिम समाज के लोगों ने कहा है कि कर्बला जाने वाले रास्ते पर जलभराव की समस्या है। सोमवार से स्थानीय लोग अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। मंगलवार को दूसरे दिन भी धरना जारी रहा। विकास खंड बिचपुरी का कस्बा मिढ़ाकुर ओडीएफ प्लस घोषित ग्राम पंचायत है। इसके बाद भी यहां रहने वाले ग्रामीण नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। लगातार हो रही बारिश के बाद तालाब का गंदा पानी घरों तक आ गया है। मिढ़ाकुर के क्षेत्र पंचायत सदस्य मनोज कुमार ने बताया है कि कस्बे में बिजलीघर के सामने तालाब बना हुआ है। इसकी 20 वर्षो से सफाई नहीं हुई है। तालाब में भारी गंदगी पड़ी हुई है। लगातार हो रही बारिश के कारण तालाब का पानी ओवरफ्लो होकर पांच गलियों में भर गया है। इससे करीब 40 परिवारों को काफी परेशानी हो रही है। धरने के दूसरे दिन मंगलवार को लोगों ने गंदे पानी में खड़े होकर प्रदर्शन किया। वहीं धरने पर बैठे अल्पसंख्यक समाज के जब्बार नेता ने कहा कि मुहर्रम के दौरान, ताजिया को दफनाया जाता है। परंतु कर्बला जाने वाले रास्ते पर पानी भरा हुआ है, अगर सफाई नहीं हुई तो मिढ़ाकुर में ताजिए नहीं दफनाएं जाएंगे। इसकी जानकारी पर एलआईयू की टीम अलर्ट हो गई। थानाध्यक्ष किरावली केवल सिंह फोर्स के साथ धरना स्थल पर पहुंच गए। धरने में हाजी हनीफ कुरैशी, सिंधी कुरैशी, काले कुरैशी, वकील कुरैशी, सत्तार कुरैशी, हनीफ कुरैशी, संदीप चौधरी, रामू सिकरवार, यशपाल सोलंकी आदि रहे। वहीं एसडीएम सदर सचिन राजपूत का कहना है कि मामला संज्ञान में है। बीडीओ और नायब तहसीलदार को समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए हैं। मोटर की मदद से गलियों में भरे पानी को निकलवाया जाएगा।

# डाक्टर्स-डेः डॉ. विश्वानी दंपत्ति का सिंधु सेवा संगम ने किया सम्मान

**डॉक्टर और रोगी के बीच होता है आत्मीय रिश्ता, उपभोक्ता संरक्षण कानून ने इस रिश्ते के मायने बदले**




सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** शहर भर के चिकित्सकों ने डॉक्टर्स-डे मनाया। इस मौके पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। कमला नगर में हुए कार्यक्रम के दौरान डॉ. दंपत्ति का सम्मान किया गया। उनका यह सम्मान समाज के प्रति समर्पित रहने के लिए किया गया। कमला नगर में ए-41 स्थित विश्वानी हॉस्पीटल पर हुए कार्यक्रम में डॉ. कैलाश विश्वानी और डॉ. पदमा विश्वानी का सम्मान किया गया। लायंस क्लब के अलावा सिंधी सेवा संगम की तरफ से उन्हें बुके प्रदान करके समाजसेवा के प्रति उनकी भावनाओं का सम्मान किया गया। डॉ. विश्वानी ने कार्यक्रम में कहा कि पश्चिमी बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री रहे डॉ. विधान चंद्र राय (भारत रत्न) की स्मृति में हर साल एक जुलाई को डॉक्टर्स-डे मनाया जाता है। उनका जन्म और मृत्यु एक जुलाई को हुई थी। वे चिकित्सकों के लिए आदर्श हैं। उन्हें के दिखाए मार्ग का सभी चिकित्सक अनुसरण करते हैं। डॉ. पदमा विश्वानी ने कहा कि मरीज और डॉक्टर के बीच आत्मीयता का रिश्ता होता है। यह रिश्ता एक मजबूत विश्वास की डोर पर टिका होता है। रोगी मानता है कि उसका जीवन सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने चिकित्सकों को उपभोक्ता संरक्षण कानून के दायरे में लाकर एक तरह से इस रिश्ते को उपभोक्ता और दुकानदार का रिश्ता बना दिया है।

कार्यक्रम का संचालन लायन किशोरी श्याम ने किया। अध्यक्षता श्रीमती लक्ष्मी अग्रवाल ने की। सिंधी सेवा संगठन की तरफ से किशोर बुधरानी, मेघराज दियालानी, अमृत मखीजा, रोहित आयलानी, कपिल पंजवानी आदि ने चिकित्सक दंपत्ति का सम्मान किया।

# छात्र को दोस्त ने मारकर कुएं में फेंकाः ऊपर से पत्थर झाड़ी से ढंका, सीसीवीटी और कॉल से पकड़ा गया; हाथरस में बॉडी बरामद

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** आगरा से लापता 12वीं के छात्र की हत्या कर दोस्त ने शव हाथरस में कुएं में फेंक दिया। शव के ऊपर ईंट पत्थर, गांजा के पौधे और झाड़ी फेंक दी। पुलिस ने परिवार वालों के आरोप और सीसीटीवी के आधार पर दोस्त को पकड़ा तो उसने जुर्म कबूल लिया। पुलिस आरोपी को उसी कुएं पर ले गई। फिर शव को निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। आगरा हरीपर्वत क्षेत्र के सुल्तानगंज पुलिया निवासी देवेंद्र प्रजापति ने 28 जून को गुमशुदगी दर्ज कराई। बताया कि उनका बेटा कुणाल प्रजापति 27 जून को स्कूटी लेकर निकला था। वो लाल रंग की टीशर्ट पहने था। उसने कहा था कि थोड़ी देर में वापस आ जाएगा। फिर लौटकर नहीं आया।

**बहन से बोला शिवम के साथ हूं, मार न डाले**

कुणाल की बहन तृप्ति ने बताया 27 जून को भाई घर से अकेला ही स्कूटी से गया था। देर शाम तक वापस नहीं आया। हम उसे बार बार काल कर रहे थे। लेकिन फोन नहीं उठ रहा था। देर रात मम्मी ने फोन किया तो भाई से कुणाल से बात हुई। भाई ने कहा कि वो अपने दोस्त शिवम यादव के साथ आया है। पता नहीं वो कहां ले जा रहा। उसने हंसते हुए कहा था कि पता नहीं ये मुझे मार न डाले। फिर कहता है कि ये मेरा अच्छा दोस्त है। मैं दो घंटे में आ जाऊंगा। इसके बाद उसका फोन बंद हो जाता है।

**सीसीटीवी में स्कूटी पर कुणाल शिवम साथ दिखा**

जब कुणाल अगले दिन तक वापस नहीं आया तो उसके दोस्त शिवम यादव से बात की। शिवम ने कोई भी जानकारी होने से मना कर दिया। वो लगातार गुमराह करता रहा। बहन ने बताया कि हमारी मिठाई की दुकान है। शिवम उनकी दुकान पर दूध देने वाले पप्पू यादव का बेटा है। ऐसे में कृणाल की शिवम से अच्छी दोस्ती थी। उसने ही कृणाल को फोन कर बुलाया। उन्होंने शिवम और उसके पिता पप्पू पर हत्या का आरोप लगाया है।

**रात 2 बजे पुलिस 2 दोस्तों को लेकर हाथरस पहुंची**

परिवार के आरोपों पर पुलिस का पूरा शक शिवम यादव पर गहरा गया। पुलिस ने शिवम यादव को ढूंढ निकाला। वह हाथरस में पैंतिया गांव का रहने वाला है। आगरा के सुल्तानगंज पुलिया में कुणाम की हलवाई की दुकान पर रोज दूध देने आता था। पुलिस ने शिवम और उसके पिता को हिरासत में लिया। सोमवार मंगलवार दरम्यानी रात करीब 2 बजे शिवम को लेकर पुलिस उन जगहों पर गई, जहां वह कुणाल के साथ गया था। हाथरस के सहपऊ में शिवम ने पुलिस को गुमराह किया। फिर पुलिस की कड़ाई के आगे वह टूट गया। उन्होंने अपना जुर्म कबूल लिया। उनकी निशानदेही पर सहपऊ में खेतों के बीच बने एक कुएं से डेड बाडी निकाली गई।

**लाश के ऊपर ईंट पत्थर और झाड़ी फेंकी**

हत्या के बाद कुएं में कुणाल की लाश फेंकी। फिर ऊपर से ईंट पत्थर फेंके। इसके बाद गंजा के पौधे और झाड़ी फेंक दी। आरोपी ने प्लान बनाया कि इससे बदबू नहीं आएगी और किसी को पता नहीं चल सकेगा। पुलिस ने कुणाल की बाडी मंगलवार तड़के कुएं से निकाला। बाडी काफी सड़ गल चुकी थी। कीड़े पड़ गए थे। हाथरस पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराकर आगरा पुलिस को बॉडी सौंपेगी।

**चाचा बोले 4 भाई बहनों में सबसे बड़ा था कुणाल**

सहपऊ में ग्रामीणों ने बताया रात करीब 2 बजे आगरा और हाथरस पुलिस की कई गाड़ियां पहुंचीं। एक युवक को लेकर क्षेत्र में पुलिस घूमती रही। सुबह होने पर वह युवक पुलिस को कुएं तक ले गया। फिर उस कुएं से पुलिस ने एक युवक की लाश निकाली। कुणाल के चाचा देवकीनंदन ने बताया हमारे परिवार की किसी से दुश्मनी नहीं थी। पता नहीं उसने क्यों मार डाला। कुणाल चार भाई बहनों में सबसे बड़ा था। दो बहन और एक छोटा भाई है। करीब छह महीने से उसके पिता की तबीयत खराब चल रही। कुणाल की भी गर्मी की छुटटी चल रही थी। तो इन दिनों हलवाई की दुकान कुणाल ही संभाल रहा था।

**एसीपी बोले जल्द पूरे मामले का खुलासा करेंगे**

एसीपी हरीपर्वत विनायक भौसले ने बताया दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। सीओ सादाबाद हिमांशु माथुर ने बताया मामले की जांच आगरा की हरीपर्वत कोतवाली पुलिस करेगी।

# पुलिस कमिश्नर ने विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा एवं आतंरिक समन्वय आदि के दृष्टिगत होटल प्रबंधकों एवं संस्थागत प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** पुलिस आयुक्त दीपक कुमार द्वारा विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा एवं आतंरिक समन्वय आदि के दृष्टिगत होटल प्रबंधकों एवं संस्थागत प्रतिनिधियों के साथ आयोजित की गई महत्वपूर्ण गोष्ठी.... मंगलवार को पुलिस आयुक्त, आगरा श्री दीपक कुमार द्वारा पुलिस आयुक्त कार्यालय स्थित सभागार में पर्यटन नगरी आगरा में आने वाले विदेशी पर्यटकों के आवागमन, ठहराव, आतंरिक सुरक्षा आदि से जुड़े विषयों पर एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें आगरा के प्रमुख होटलों के प्रबन्धकों, डा. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय एवं केंद्रीय हिंदी संस्थान के प्रतिनिधिगण सम्मिलित हुए। गोष्ठी में पुलिस आयुक्त द्वारा इस तथ्य पर विशेष बल दिया गया कि आगरा एक अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ऐतिहासिक नगर है, जहां प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में विदेशी पर्यटक भ्रमण एवं शिक्षा हेतु आते हैं । ऐसे में जनपद के समस्त प्रतिष्ठानों, विशेषकर होटलों एवं शैक्षिक संस्थानों की यह सामाजिक और नैतिक ज़िम्मेदारी है कि वे विदेशी नागरिकों की सुरक्षा, सुविधा एवं सहायता सुनिश्चित करने हेतु पुलिस विभाग से निरंतर संवाद और समन्वय बनाए रखें। पुलिस आयुक्त द्वारा होटल प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि उनके प्रतिष्ठानों में ठहरने वाले समस्त विदेशी नागरिकों का पासपोर्ट एवं वीज़ा विवरण विधिवत रूप से दर्ज किया जाए तथा उसकी सूचना निर्धारित समयावधि में स्थानीय पुलिस को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए। साथ ही होटलों में सीसीटीवी कैमरों की प्रभावी निगरानी, कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन एवं किसी भी आपातकालीन परिस्थिति से निपटने हेतु मानक संचालन प्रक्रिया एसओपी का पालन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, केंद्रीय हिंदी संस्थान एवं डा. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय जैसे शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत विदेशी छात्रों की सुरक्षा, आवासीय व्यवस्था एवं उनके समक्ष उत्पन्न होने वाली स्थानीय समस्याओं के समाधान हेतु एक संयुक्त समन्वय तंत्र विकसित करने की दिशा में विचार विमर्श किया गया। गोष्ठी में उपस्थित प्रब?धकों एवं प्रतिनिधियों द्वारा पुलिस आयुक्त द्वारा दिये गये निर्देशों एवं सुझावों का पूर्ण समर्थन करते हुए अपने स्तर से हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया।

# आगरा में एक पेड़ मां के नाम से वन महोत्सव का हुआ आगाज

**नवजात शिशुओं को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट के साथ पौधा किया जा रहा भेंट, ग्रामीण अंचल तक पहुंचा हरियाली का संदेश, जनभागीदारी पर जोर, योगी सरकार का संकल्प, स्वस्थ और हरित उत्तर प्रदेश**

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** उत्तर प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के प्रति योगी सरकार की प्रतिबद्धता एक बार फिर %वन महोत्सव% के रूप में दिखाई दे रही है। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 01 से 07 जुलाई तक %वन महोत्सव% का आयोजन किया जा रहा है।जिसकी शुरुआत शहर रेंज के ताज वन ब्लॉक में पौधरोपण कर की गई। इस अवसर पर रुद्राक्ष, देसी कदंब, नीम, जामुन, पीपल सहित लगभग 100 पौधों का रोपण किया गया। वन महोत्सव का शुभारंभ आगरा वृत्त के वन संरक्षक डॉ. अनिल कुमार पटेल ने कचनार का पौधा लगाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने पीएम मोदी के %मन की बात% का जिक्र करते हुए सभी नागरिकों से अपील की कि हर नागरिक अपनी माँ के नाम पर एक पौधा अवश्य लगाए। यह पहल माँ के प्रति सम्मान और प्रकृति के प्रति प्रेम को जोड़ती है। इस मौके पर गणमान्य व्यक्तियों और वन कर्मियों द्वारा रुद्राक्ष, देसी कदंब, नीम, जामुन, पीपल, चांदनी, गुड़हल आदि प्रजातियों के लगभग 100 पौधों का रोपण किया गया। प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, आगरा, राजेश कुमार ने बताया कि इस महोत्सव के दौरान सिर्फ पौधारोपण ही नहीं, बल्कि प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक, साइकिल रैली, पौधों की बारात और एक दिवसीय पौध भंडारा जैसे कई जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन आयोजनों का मकसद शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में प्रत्येक परिवार को वनावरण और वृक्षावरण के महत्व के प्रति जागरूक करना है। वन महोत्सव-2025 में जन समुदाय की सहभागिता बढ़ाने के लिए योगी सरकार ने एक अभिनव पहल की है। 01 से 07 जुलाई के दौरान जिला अस्पताल, सी.एच.सी., पी.एच.सी. और अन्य सरकारी अस्पतालों में जन्मे नवजात शिशुओं को %ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट% के साथ एक पौधा भेंट किया जा रहा है। 01 जुलाई से यह कार्यक्रम शुरू हो गया है, जो नए जीवन और पर्यावरण के बीच एक अनूठा संबंध स्थापित करता है। यह अभियान केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण अंचलों तक भी इसकी पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। बाईपुर, फतेहाबाद, बाह और जैतपुर सहित अन्य रेंजों में भी वन महोत्सव कार्यक्रम मनाए गए। बाईपुर रेंज में करंज की सीड बॉल फेंकी गईं और आम की गुठलियां व खजूर के बीज रोपित किए गए। फतेहाबाद रेंज में अतिक्रमण मुक्त कराई गई वन भूमि पर ग्राम प्रधानों और ग्रामीणों के साथ सामूहिक पौधारोपण हुआ। बाह और जैतपुर में भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों, आश्रमों और शिक्षण संस्थानों के सहयोग से पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न हुए। प्रभागीय निदेशक ने सभी नागरिकों और संस्थाओं से %एक पेड़ मां के नाम 2.0% के संकल्प को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की है। योगी सरकार का यह अभियान उत्तर प्रदेश को हरा- भरा और स्वस्थ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# पत्नी से हुआ विवाद, युवक पुल पर चढ़ा : इनर रिंग रोड फ्लाईओवर की घटना, सिपाही ने पीछे से खींचा



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** ताजगंज क्षेत्र में एक युवक अपनी पत्नी से झगड़ा करने के बाद इनर रिंग रोड के फ्लाईओवर पर चढ़ गया। आत्महत्या की धमकी देने लगा। राहगीरों ने तुरंत 112 पर सूचना दी। सिपाही अरविंद कुमार ने पीछे से जाकर युवक को पकड़ा। इसका वीडियो वायरल हो रहा है। घटना सुबह की बताई जा रही है। 112 पर सूचना पहुंची कि एक युवक शमसाबाद रोड स्थित इनर रिंग रोड फ्लाईओवर की रेलिंग पर बैठकर आत्महत्या करने की धमकी दे रहा है। पुल के नीचे भीड़ लग गई। लोग वीडियो बनाने लगे। भीड़ में से किसी ने 112 पर सूचना दी। पीआरवी टीम से कमांडर अरविंद प्रताप सिहं, सब कमांडर अजय कुमार, रोहतान सिंह और गजेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। युवक रेलिंग पर बैठा हुआ था। पुल से कूदने की धमकी दे रहा था। अरविंद कुमार चुपचाप युवक के पीछे पहुंचा और एक झटके में युवक को पकड़कर पीछे खींच लिया।

**पत्नी को साथ ले जाने की थी जिद**

थाना प्रभारी ताजगंज ने बताया कि युवक दीपक पुत्र बलवीर(22) फर्रुखाबाद का रहने वाला है। पत्नी अपने मायके ताजगंज के गुटिला आई हुई थी। वो अपनी पत्नी को लेने पहुंचा। पत्नी ने मना कर दिया। दोनों में विवाद हुआ। गुस्से में युवक अपने ससुराल से लेकर इनर रिंग रोड के फ्लाई ओवर पर पहुंचकर रेलिंग पर बैठ गया। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों से बात की जा रही है। दोनों पक्षों को समझाया जा रहा है। दोनों की तरफ से अभी शिकायत नहीं आई है।

# बजरंगदल ने चलाया वृक्षारोपण अभियानः विभाग संयोजक आर के इंदौलिया के नेतृत्व में लगाए दर्जनों पेड़



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** बजरंगदल ने सेवा सप्ताह का शुभारंभ मंगलवार को किरावली मिनी स्टेडियम बजरंगदल के विभाग संयोजक आर के इंदौलिया के नेतृत्व में वृक्षारोपण अभियान चलाकर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बजरंगदल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दोनेरिया द्वारा वटवृक्ष का पेड़ लगाया गया। नीरज दोनेरिया ने बताया कि बजरंगदल पूरे भारत वर्ष में सेवा का अभियान चलाया जा रहा है सेवा सप्ताह के कार्यक्रम कर रहा है पूरे देश में 10 हजार प्रखंडों में वृक्षारोपण और चिकित्सा शिविर लगाएगा वृक्षों से हमें कई लाभ होते हैं।ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। वायु को शुद्ध करते हैं। जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करते हैं। वन्यजीवों के लिए आवास प्रदान करते हैं- बजरंगदल लव जिहाद, गौरक्षा, धर्मांतरण को रोकने के लिए और हिंदुओं को एकजुट करने के लिए प्रयास रत है। वटवृक्ष हमारे संगठन का प्रतीक चिन्ह है। बजरंगदल के कार्यकर्ताओं द्वारा दर्जन पेड़ ट्रीगार्ड सहित लगाए। वटवृक्ष, पाखर, अमलदास, सफेदा, सफेद एगोनिस, अनार, आम आदि पेड़ लगाए गए। इस अवसर पर प्रांत संगठन मंत्री राजेश कुमार, प्रांत संयोजक दिग्विजय तिवारी , विभाग संयोजक आर के इंदौलिया, जिला संयोजक यदुवीर चाहर, जिला अध्यक्ष सतेंद्र भारद्वाज, मोनू पचौरी, जिला सत्संग प्रमुख भूदेव शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अचल रावत, राकेश गर्ग, हरेंद्र पहलवान, भाजपा नेता पवन इंदौलिया, योगेश इंदौलिया, गीतम सभासद, सी पी चाहर, पुष्पेन्द्र चाहर, रविशंकर, पिंकी सरपंच भाजपा, दीवान सिंह, हरिसिंह, हेमंत चाहर, कन्हैया इंदौलिया, केके डागर , प्रभात चाहर, मुनेश चौहान, आदि सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अब केवल ई ऑफिस से भेजी फाइले ही होंगी स्वीकार : कमिश्नर

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों के शेष पेंशन प्रकरण सात दिवस में दर्ज करें : कमिश्नर



**रीवा,कासं.।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी संभागीय अधिकारी और जिलाधिकारी ई ऑफिस से ही फाइलों का परिचालन करें। कमिश्नर कार्यालय में भी अब केवल ई ऑफिस से भेजी गई फाइलें ही स्वीकार होंगी। शेष बचे संभागीय कार्यालय सात दिवस में ऑनबोर्ड होकर ई फाइल भेजना सुनिश्चित करें। कार्यालय में भी ई ऑफिस के माध्यम से ही फाइल वर्क करें। संभागीय अधिकारी अधीनस्थ कार्यालयों में भी ई फाइल व्यवस्था सात दिवस में सुनिश्चित करें। किसी भी तरह की कठिनाई होने पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी से संपर्क करके कठिनाई दूर कराएं। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि जून माह तक संभाग में सेवानिवृत्त हुए 189 शासकीय सेवकों में से केवल 94 के पेंशन प्रकरण पेंशन कार्यालय में दर्ज हुए हैं। संबंधित अधिकारी सात दिवस में शेष पेंशन प्रकरण अनिवार्य रूप से पेंशन कार्यालय में प्रस्तुत कर दें। सेवानिवृत्त अधिकारियों के पीपीओ समय पर जारी कराएं जिससे पेंशन के लिए सेवानिवृत्त कर्मियों को भटकना न पड़े। पेंशन प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कमिश्नर ने कहा कि सभी नगर निगम तथा अन्य नगरीय निकाय शहरी क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सड़कों के सुधार और बाढ़ तथा अतिवृष्टि से निपटने के प्रबंधों पर विशेष ध्यान दें। त्योंथर क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांव के निवासियों को सुरक्षित रखने के लिए स्थानों का चिन्हांकन कर लें। यहाँ बनाए जाने वाले राहत शिविरों में पर्याप्त अनाज, पेयजल, दवाओं तथा अन्य सुरक्षा के उपकरणों की व्यवस्था कर लें। आपदा नियंत्रण के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित रखें। व्हाट्सएप ग्रुप में बाढ़ तथा अतिवृष्टि से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचनाएं लगातार दर्ज कराते रहें। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि संभाग के सभी विकासखण्डों में एक पेड़ माँ के नाम अभियान में एक-एक लाख पौधे रोपित किए जाएंगे। वृक्षारोपण के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में तत्काल तैयारी शुरू कर दें। अभियान में लक्ष्य के अनुसार पौधे रोपित कराएं। रोपित पौधों की सुरक्षा के भी उचित प्रबंध करें। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए वृक्षारोपण को जन आंदोलन का रूप दें। कमिश्नर ने कहा कि सड़कों से जुड़े अधिकारी हाईवे तथा अन्य प्रमुख मार्गों से निराश्रित गौवंश को हटाकर आसपास की गौशालाओं में सुरक्षित कराएं। संयुक्त संचालक पशुपालन निराश्रित गौवंश को सुरक्षित करने के लिए विशेष प्रयास करें साथ ही विभाग की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार भी कराएं। नेशलन हाईवे, सड़क विकास निगम तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी अधिक वर्षा में जलमग्न होने वाले पुलों में साइन बोर्ड तथा बैरियर तत्काल लगाएं। संयुक्त संचालक कृषि खाद, बीज और कीटनाशकों के नमूने लेकर उनकी जाँच कराएं। नमूने अमानक पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही करें। सहकारी समितियों के माध्यम से खाद का किसानों में वितरण कराएं। बैठक में कमिश्नर ने प्राकृतिक खेती, सड़कों के सुधार तथा खाद्यान्न वितरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त स्वदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त श्रेयस गोखले, डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ एमएल गुप्ता, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, प्रभारी मुख्य अभियंता ऊर्जा प्रमा पाण्डेय, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास शशि श्याम उइके तथा संभागीय उपस्थित रहीं।

# जनसुनवाई में ग्रामीण जनों ने पुरैना गांव में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की मांग की

## जनसुनवाई में 87 सुने गये आवेदन



**रीवा,कासं.।** मंगलवार में आयोजित होने वाली जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट में 87 आवेदकों की समस्यायें सुनी गई। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी एवं संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय ने विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।

रायपुर कर्चुलियान जनपद अन्तर्गत गढ़वा के ग्रामवासियों ने गांव में सड़क, नाली, नलजल योजना, सहित जर्जर पंचायत भवन को बनाये जाने तथा पंचायत भवन के नियमित संचालन का आवेदन दिया जिसे सीईओ को आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार गढ़वा ग्रामवासियों के सड़क में मुरमीकरण कराये जाने का आवेदन को सीईओ जनपद रीवा को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये। संतोष कुमार पाण्डेय परिहारिन पुर्वा के नकल दिलाने, संजय कुमार साहू देवरा फरेंदा के कम्प्यूटरीकृत नक्शे में त्रुटि सुधार के आवेदन को संबंधित एसडीएम को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। चन्द्रवती निवासी डेल्ही के कब्जे की भूमि से अतिक्रमण हटाने के आवेदन को एसडीएम सिरमौर को तथा दानी निवासी राजकुमार के खसरा सुधार के आवेदन को एसडीएम गुढ़ को कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया।

जनसुनवाई में विनोद कुमार लोही निवासी ने घर के सामने से पानी निकासी का आवेदन दिया जिसे जनपद रीवा सीईओ को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा कलेक्टर ने बाल सम्प्रेक्षण गृह का किया औचक निरीक्षण



**रीवा,कासं.।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेश मोहन प्रधान तथा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बाल सम्प्रेक्षण गृह का औचक निरीक्षण किया तथा व्यवस्थायें दुरूस्त रखने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा तथा साफ-सफाई की व्यवस्था पुख्ता रखने के निर्देश अधीक्षक को दिये गये। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व कलेक्टर ने अपचारी बच्चों के कक्षों का निरीक्षण किया तथा वहां प्रकाश व हवा की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिये। उन्होंने किचेन में बनाये जा रहे खाने व स्टोर में उपलब्ध सामग्री का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी को बुलाकर खाद्यान्न सामग्री के सेम्पलिंग लेने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपचारी बच्चों से मिलने वाले भोजन एवं नाश्ते के विषय में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान बाल सम्प्रेक्षण गृह में बच्चों के लिये प्रशिक्षण की व्यवस्था व इनडोर खेल की व्यवस्थाओं के लिये निर्देशित किया गया। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी को दिये गये सभी बिन्दुओं की जांचकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा भवन निर्माण के लिये डीपीआर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर ने शिवानी पाण्डेय व सचिन तिवारी को अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इस दौरान सचिव जिला विधिक प्राधिकरण समीर मिश्रा, श्रीमती विश्वेश्वरी मिश्रा, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी नयन सिंह, सहायक संचालक आशीष द्विवेदी उपस्थित रहे।

## शौर्य दल का प्रशिक्षण सह कार्यशाला संपन्न

**रीवा,कासं.।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण के प्रयासों के क्रम में शौर्य दल की कार्यशाला का आयोजन किया गया। होटल स्टार में आयोजित कार्यशाला में जिला विधिक सेवा अधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने महिलाओं की सुरक्षा के कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। कार्यशाला में लॉ ऑफ़िसर अनीश पाण्डेय ने उपस्थितों को बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए शपथ दिलाई। कार्यक्रम में सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास आशीष द्विवेदी ने जेंडर संवेदीकरण विषय के संबंध में विस्तार से जानाकरी दी। मनु सिंह ने किशोरी बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता एवं एनीमिया से बचने के उपाय के बारे में अवगत कराया।

# सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता श्री त्रिपाठी को दी गई भावभीनी विदाई



**रीवा,कासं.।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित समारोह में कमिश्नर बीएस जामोद तथा अन्य अधिकारियों ने सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता ऊर्जा आईके त्रिपाठी को भावभीनी विदाई दी। श्री त्रिपाठी 37 वर्ष का सेवाकाल पूरा करके 30 जून को सेवानिवृत्त हुए हैं। श्री त्रिपाठी को शॉल, श्रीफल, पुष्पहार एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कमिश्नर ने कहा कि श्री त्रिपाठी ने अपनी प्रशासनिक क्षमता और उत्कृष्ट तकनीकी ज्ञान से सफलता के नए आयाम स्थापित किए। रीवा जैसे चुनौतीपूर्ण संभाग में बिजली संबंधी शिकायतों का तत्परता से निराकरण कराकर कई बार सीएम हेल्पलाइन रैंकिंग में विभाग को प्रथम स्थान दिलाया। वरिष्ठ से लेकर मैदानी कर्मचारियों तकण सतत संवाद से विभाग से जुड़ी शिकायतों को दूर किया। जिसके कारण संभाग में कभी भी कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। संभागीय अधिकारियों के दल में भी शामिल होकर श्री त्रिपाठी ने शासन के महत्वपूर्ण अभियानों की मानीटरिंग में उल्लेखनीय कार्य किया। इस अवसर सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता ने कहा कि मैंने निजी क्षेत्र से अपनी सेवाएं शुरू की और 37 वर्ष शासकीय सेवा में रहा। निजी क्षेत्र के कई अच्छे गुणों को शासकीय क्षेत्र में शामिल करने का प्रयास किया। बिजली विभाग में शिकायतें बहुत अधिक होती हैं। फील्ड में रहने वाले छोटे-छोटे कर्मचारी से जीवंत संपर्क रखकर वस्तुस्थिति के अनुसार कार्यवाहियाँ की जिससे शिकायतों का समय पर समाधान हो सका। उन्होंने कहा कि कमिश्नर कार्यालय में संभागीय अधिकारियों की टीम बनाने तथा सेवानिवृत्ति और स्थानांतरण पर समारोहपूर्वक विदाई की कमिश्नर श्री जामोद सर की पहल शासकीय कार्यालय के वातावरण को पारिवारिक बना देती है। कार्यक्रम में अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ आरपी सिंह, प्रभारी मुख्य अभियंता श्रीमती प्रमा पाण्डेय तथा संभागीय जनसंपर्क अधिकारी उमेश तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समारोह में संयुक्त आयुक्त स्वदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त श्रेयस गोखले, डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ एमएल गुप्ता, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे तथा संभागीय उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### ब्लैक बॉक्स ने वित्त वर्ष 2028-29 तक राजस्व दोगुना कर दो अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा

**मुंबई ,ए.।** एस्सार ग्रुप की टेक्नोलॉजी शाखा ब्लैक बॉक्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2028-29 तक अपना राजस्व दोगुना कर दो अरब डॉलर तक करने का लक्ष्य रखा है। यह जानकारी जेएम फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशनल सिक्योरिटीज लिमिटेड की रिपोर्ट में सामने आई है। डेटा सेंटर और एंटरप्राइज नेटवर्किंग क्षेत्रों में बढ़ती मांग और मजबूत ऑर्डर बुक से कंपनी के यह लक्ष्य हासिल करने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी के नए ऑर्डर 21.8 करोड़ डॉलर तक पहुंच चुके हैं, जिसका बुक टू बिल अनुपात 1.22 है। वहीं, कुल ऑर्डर बुक 50.4 करोड़ डॉलर तक पहुंच गया है, जो सालाना आधार पर सात प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। रिपोर्ट बताती है कि ब्लैक बॉक्स के पास 2.5 अरब डॉलर की संभावित डील पाइपलाइन में है, जो भविष्य में तेज विकास की स्पष्टता प्रदान करती है। खास बात यह है कि वैश्विक आईटी खर्च 2024 में 5.27 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जिससे कंपनी को बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है। ब्लैक बॉक्स का वर्टिकलाइज्ड सेल्स मॉडल इसके शीर्ष 300 वैश्विक ग्राहकों पर केंद्रित है, जिनमें मेटा, इंटेल, डिजनी और बैंक ऑफ अमेरिका जैसी फॉर्च्यून 500 कंपनियां शामिल हैं। कंपनी इन अकाउंट्स से वॉलेट शेयर बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रही है। कंपनी का डेटा सेंटर सेगमेंट अब कुल राजस्व में 17.5 प्रतिशत का योगदान दे रहा है, जो वित्त वर्ष 29 तक बढ़कर 25 प्रतिशत हो सकता है। इसका मतलब है कि इस क्षेत्र में कंपनी 42 प्रतिशत की कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट से आगे बढ़ सकती है। भारत में डेटा सेंटर की क्षमता अगले पांच वर्षों में 25 प्रतिशत कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट से बढ़ने की संभावना है, जो ब्लैक बॉक्स के लिए एक प्रमुख अवसर बन गया है। भारत ब्लैक बॉक्स की रणनीतिक योजनाओं में एक महत्वपूर्ण बाजार है। कंपनी अगले तीन-चार वर्षों में यहां अपना राजस्व दोगुना करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। देश में क्लाउड, एआई और 5जी सेवाओं की बढ़ती मांग के चलते डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में भारी निवेश हो रहा है। साल 2028 तक देश की डेटा सेंटर क्षमता तीन गुना बढ़कर 2.8 गीगावॉट तक पहुंच सकती है। जेएम फाइनेंशियल ने ब्लैक बॉक्स लिमिटेड को 'बाय' रेटिंग दी है और इसका लक्ष्य मूल्य 670 रुपए तय किया है, जो 33 प्रतिशत की संभावित तेजी को दर्शाता है।

### हरे निशान में खुला भारतीय शेयर बाजार, निफ्टी 25,500 स्तर से ऊपर

**मुंबई ,ए. ।** सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच मंगलवार को भारतीय बेंचमार्क सूचकांक हरे निशान में खुले। शुरुआती कारोबार में ऑटो और आईटी सेक्टर में खरीदारी देखी गई। सुबह करीब 9.26 बजे, सेंसेक्स 188.66 अंक या 0.23 प्रतिशत बढ़कर 83,795.12 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 54.80 अंक या 0.21 प्रतिशत बढ़कर 25,571.85 पर था। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी बाजार के नए रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के साथ, ग्लोबल इक्विटी बाजार का मूड सकारात्मक है और पश्चिम एशियाई भू-राजनीति अब वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरा नहीं है। जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार डॉ. वीके विजयकुमार ने कहा, टैरिफ के मोर्चे पर विकास से बाजार प्रभावित होने की संभावना है। भारत-अमेरिका व्यापार सौदा सकारात्मक होगा और अगर ऐसा नहीं होता है, तो बाजार पर असर पड़ने की संभावना है। शुरुआती कारोबार में निफ्टी बैंक 51.95 अंक या 0.09 प्रतिशत बढ़कर 57,364.70 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 146.45 अंक या 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 59,887.65 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 52.50 अंक या 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,127.60 पर था। विशेषज्ञों के अनुसार, निफ्टी का शॉर्ट-टर्म ट्रेंड सकारात्मक बना हुआ है, क्योंकि यह इंडेक्स अभी भी अपने निकटतम मूविंग एवरेज सपोर्ट, 5-डे ईएमए से ऊपर स्थित है।

# भारतीय टीम में होंगे 3 बड़े बदलाव, नीतीश और सुंदर की होगी एंट्री




**नई दिल्ली,ए.।** भारतीय क्रिकेट टीम 2 जुलाई से बर्मिंघम के एजबेस्टन में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के साथ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के तहत पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच खेलने वाली हैं. इस मैच में टीम इंडिया की प्लेइंग-11 क्या होने वाली हैं. इसको लेकर भारतीय क्रिकेट फैंस के मन में सवाल उठ रहे हैं. आज हम आपको इस बारे में ही बताने वाले हैं. इंडियन क्रिकेट टीम के सहायक कोच रेयान टेन डोशेट ने 30 जून को मीडिया को संबोधित करते हुए प्लेइंग-11 को लेकर इशारों-इशारों में कई बड़े खुलासे किए हैं. भारतीय कोच ने टीम में 3 बदलावों के संकेत दिए हैं. उन्होंने कहा, बुमराह खेलने के लिए तैयार हैं. अगर हमें लगता है कि इस टेस्ट में उसे खिलाना फायदेमंद होगा, तो हम आखिरी समय में ही यह फैसला लेंगे. टेन डोशेट ने आगे कहा, यह सिर्फ इतना है कि हम किन दो को खिलाते हैं. तीनों स्पिनर बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं. वाशिंगटन सुंदर बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं. तो यह सिर्फ इतना है कि हम किस संयोजन के साथ खेलते हैं? ऑलराउंडर-स्पिनर या आउट-एंड-आउट स्पिनर? और जाहिर है कि आपको फिर से गेंदबाजी ऑलराउंडर को खिलाना होगा लेकिन मुझे पूरा यकीन है कि इस टेस्ट में दो स्पिनर खेलेंगे. टेन डोशेट ने कहा, वो (रेड्डी) एक गेम पाने के बहुत करीब है. जाहिर है वह ऑस्ट्रेलिया में शानदार था टीम में आया और जिस तरह से खेला. हमें लगा कि संतुलन के लिए आखिरी गेम के लिए हम गेंदबाजी ऑलराउंडर के साथ जाना चाहते थे. जिसके बारे में हमें लगा कि शार्दुल गेंदबाजी के मोर्चे पर थोड़ा आगे था. हम इस पहेली को फिर से सुलझाने के तरीकों पर विचार कर रहे हैं ताकि हम एक बैटिंग ऑलराउंडर को शामिल कर सकें और जाहिर है कि नीतीश इस समय हमारे बेहतरीन बैटिंग ऑलराउंडर हैं. इसलिए मैं कहूंगा कि उनके पास यह टेस्ट खेलने का बहुत अच्छा मौका है। यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), करुण नायर, रविंद्र जडेजा/नीतीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर/ कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा,अर्शदीप सिंह

## इंग्लैंड में बने 820 रन, कई बल्लेबाजों ने जड़े शतक, टूट गया 125 साल पुराना रिकॉर्ड

**नईदिल्ली,ए.।** इंग्लैंड के द ओवल ग्राउंड पर उस वक्त रनों की बारिश होने लगी जब काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन वन 2025 में सरे और डरहम की टीम आमने सामने थीं।

सरे की टीम टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करने के लिए आए और 9 विकेट के नुकसान पर 161.3 ओवर में 820 रनों का विशाल स्कोर बना दिया. इसके साथ ही सरे ने अपना ही 125 साल पुराना क्लब रिकॉर्ड को भी तोड़ा दिया है. जो 1899 में समरसेट के खिलाफ इसी ग्राउंड पर 811 रनों का था. यह क्लब के इतिहास का चौथा जबकि सरे का सबसे बड़ा टीम स्कोर है. पहले नंबर पर यॉर्कशायर का नाम है, जिन्होंने 1896 में वारविकशायर के खिला एजबेस्टन में 887 रन बनाए थे, जबकि दूसरे नंबर पर लंकाशायर का नाम है, उन्होंने 1990 में सरे के खिलाफ द ओवल में 863 रन बना कर ये उपलब्धि हासिल की थी. तीसरे नंबर पर समरसेट (850), चौथे पर सरे (820) और पांचवें पर सरे (811) का नाम है।

मैच में चार खिलाड़ियों ने शतकीय पारी खेली, जिसमें सलामी बल्लेबाज डोम सिबली ने 475 गेंदों पर 305 रन बनाकर टीम की अगुवाई की. यह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सिबली का पहला तिहरा शतक था, जिसमें 29 चौके और दो छक्के शामिल थे. इसके अलावा डेन लॉरेंस ने 149 गेंदों पर 178 रन बनाए, जबकि सैम करन ने 124 गेंदों पर 108 रनों की पारी खेली. विल जैक्स ने भी 94 गेंदों पर 119 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और चार छक्के शामिल थे।

# डिजिटल इंडिया के 10 साल : एक डिजिटल डिवाइड वाले देश से डिजिटल विश्वगुरु बनने तक भारत की परिवर्तनकारी यात्रा

**नई दिल्ली ,ए. ।** एक दशक पहले तक जिसे डिजिटल असमानता और सीमित तकनीकी पहुंच के लिए जाना जाता था, भारत ने बीते 10 वर्षों में डिजिटल इंडिया अभियान के जरिए खुद को दुनिया की डिजिटल राजधानी के रूप में स्थापित कर लिया है। 1 जुलाई 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई इस महत्वाकांक्षी योजना ने आज देश के करोड़ों नागरिकों को न सिर्फ तकनीक से जोड़ा है, बल्कि शासन, अर्थव्यवस्था और समाज में पारदर्शिता और जवाबदेही की नई इबारत भी लिखी है। डिजिटल इंडिया अभियान के तहत आज 95 प्रतिशत से अधिक गांवों में इंटरनेट पहुंच चुका है। 2014 में जहां ग्रामीण टेलीफोन कनेक्शन 37.77 करोड़ थे, वहीं 2025 तक यह आंकड़ा बढ़कर 53.66 करोड़ हो गया है। इसके साथ ही, इंटरनेट यूजर्स की संख्या 2014 में 25 करोड़ से बढ़कर 2025 में 97 करोड़ तक पहुंच गई है। यानी 288 प्रतिशत की वृद्धि हुई। भारत अब अमेरिका और चीन के बाद तीसरी सबसे बड़ी डिजिटल अर्थव्यवस्था बन गया है, जिससे यूके, जर्मनी और दक्षिण कोरिया जैसे विकसित देश भी पीछे छूट गए हैं। 2022-23 में डिजिटल अर्थव्यवस्था का राष्ट्रीय आय में योगदान 11.74 प्रतिशत था, जो 2024-25 तक 13.42 प्रतिशत और 2029-30 तक 20 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। भारत की अपनी यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) आज यूएई, सिंगापुर, फ्रांस, भूटान, नेपाल, श्रीलंका और मॉरीशस जैसे देशों में उपयोग हो रही है। 2025 के मई महीने में यूपीआई से 25.14 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड ट्रांजैक्शन हुआ, जो एक मूक क्रांति की गवाही देता है। बिल गेट्स ने भारत की यूपीआई और आधार व्यवस्था को डिजिटल गवर्नेंस का स्वर्ण मानक बताया है। इसके साथ ही, डीबीटी के जरिए अब तक 44 लाख करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों तक पहुंचे हैं। इस व्यवस्था से सरकार को 3.48 लाख करोड़ रुपये की बचत हुई है, जिसमें से अकेले 1.85 लाख करोड़ की बचत खाद्य सब्सिडी से हुई है। इसके जरिए 5.87 करोड़ फर्जी राशन कार्ड और 4.23 करोड़ फर्जी एलपीजी कनेक्शन रद्द किए गए हैं।

# रद्द हो जाएगी भारत-बांग्लादेश सीरीज? सामने आई बड़ी वजह

## -रोहित-विराट के फैंस को लगा झटका

**नई दिल्ली,ए.।** भारतीय क्रिकेट टीम को अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफ व्हाइट बॉल सीरीज खेलनी थी. इस सीरीज के लिए भारत को बांग्लादेश जाना है. ऐसे में इस सीरीज पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं. क्योंकि अभी भी सरकार की ओर से बीसीसीआई को इस सीरीज के लिए मंजूरी नहीं मिली है।

क्रिकबज की रिपोर्ट की मानें तो बीसीसीआई अभी भी बांग्लादेश दौरे के लिए सरकार की मंजूरी का इंतजार कर रहा है. ऐसे में अभी के लिए इस सीरीज पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं. क्योंकि अगर सरकार भारतीय टीम को बांग्लादेश जाने की मंजूरी नहीं देता तो इस सीरीज पर खतरा मंडरा सकता है. इस समय दोनों देशों के राजनीतिक संबंध कुछ अच्छे नहीं हैं, जिसका असर इस सीरीज पर पड़ सकता है।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने कहा, बीसीसीआई के साथ चर्चा चल रही है. ये चर्चा काफी सकारात्मक है. हम चर्चा कर रहे हैं कि सीरीज कैसे आयोजित कर सकते हैं. हम अभी अगर इस सीरीज की मेजबानी नहीं कर सकते हैं, तो इसे किसी अन्य संभावित समय पर आयोजित करेंगे।

भारतीय क्रिकेट टीम को बांग्लादेश के साथ 3 वनडे और 3 टी20 मैचों की सीरीज खेलनी है. इस सीरीज का पहला वनडे मैच 17 अगस्त जबकि अंतिम मैच 23 अगस्त को खेला जाने वाला था. इस सीरीज पर अभी भारत और बांग्लादेश के क्रिकेट बोर्ड क्लियर नहीं हैं. भारत और बांग्लादेश के बीच अंतिम वनडे सीरीज साल 2014 में खेली गई थी. इसके बाद से अब तक इन दोनों देशों के बीच कोई भी वनडे सीरीज नहीं खेली गई है।

# जिले में शुरू हुआ विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान



**ललितपुर।** जनपद में संचारी रोगों के खिलाफ विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक चलेगा एवं दस्तक अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक चलेगा। अभियान का शुभारम्भ पी0एन0 इण्टर कॉलेज में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के करकमलों द्वारा रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया गया। उन्होंनें सभी विभागों से अपील की कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए इस अभियान को सफल बनायें।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ललितपुर डॉ इम्तियाज अहमद ने इस अभियान में सभी सहभागी विभागों से अपनी-अपनी गतिविधियां माइक्रो प्लान के अनुसार गुणवत्ता युक्त एवं शत प्रतिशत पूर्ण करने की अपील की एवं संचारी रोगों से बचाव हेतु शपथ ली गयी। इस दौरान अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए शासन के निर्देशानुसार अभियान को संचालित किया जाये। स्वास्थ्य विभाग इस अभियान में नोडल विभाग के रूप में कार्य करेगा एवं सभी सम्बन्धित विभागों की साप्ताहिक रिपोर्ट का संकलन, मूल्यांकन तथा रिपोर्ट शासन को भेजने का उत्तरदायित्व निभाएगा। डिस्ट्रिक पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा0 सौरभ सक्सेना ने बताया कि इस अभियान में संचारी रोग नियंत्रण हेतु विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जनपद वासियों को वेक्टर जनित रोगों, जलजनित रोगों के बचाव व रोकथाम के बारे में जागरूक किया जायेगा एवं दस्तक अभियान में आशाए एवं आंगनबाड़ी घर-घर भ्रमण कर बुखार, खांसी जुकाम (आई0एल0आई0), क्षय रोगी, कुष्ठ रोगी, कुपोषित बच्चों एवं मच्छर प्रजजन वाले घरों की सूची बनायेगीं तथा इसके साथ साथ आभा आईडी बनाने का कार्य भी करेगीं। इस दौरान वे संचारी रोगों एवं जल जनित रोग दस्त से बचाव के सम्बन्ध में परिवार के सदस्यों को जानकारी प्रदान करेगीं। दस्तक अभियान के दौरान आशा द्वारा जो भी संदिग्द्ध क्षय रोगियों को चिन्हित किया जायेगा। जिला मलेरिया अधिकारी अनिल क्रिस्टोफर मैसी ने बताया कि मलेरिया, डेंगू आदि वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम हेतु शहरी क्षेत्र में नगर विकास विभाग द्वारा नालियों की साफ-सफाई एवं फागिंग की जायेगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायती राज विभाग द्वारा नालियों की साफ-सफाई एवं गड्ढों को मिट्टी से भरा जायेगा। सहायक मलेरिया अधिकारी अजब सिंह ने बताया कि मच्छर जनित रोगों से बचने के लिए हर सप्ताह कूलर का पानी बदलते रहे, टायर व गमलों में पानी एकत्रित न होने दें, मच्छरों से बचने के लिए पूरी अस्तीन के कपड़े पहने, नियमित मच्छरदानी का उपयोग करें, दरवाजों व खिड़कियों में जाली लगवांये और यदि बुखार आता है तो तुरन्त सरकारी अस्पताल में जॉच एवं इलाज करायें।

इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ललितपुर, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 वीरेन्द्र सिंह, नगर क्षेत्र प्रभारी डा0 राजेश भारती, पी0एन0 इण्टर कॉलेज प्रधानाचार्य अजय सक्सेना, सफाई निरीक्षक जितेन्द्र तिवारी, एस0एम0ओ0 डब्लू0एच0ओ0 डा0 सुमित बघेल, डी0एम0सी0 यूनीसेफ सबा परवीन, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक हरिश्चन्द्र नामदेव, मलेरिया निरीक्षक संदीप शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# सपाईयों ने धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन

## सपा कार्यालय में 52 किलोग्राम लड्डू का काटा केक, रक्तदान, फल वितरण सहित हुए अनेक कार्यक्रम, सपा कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह



**ललितपुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कन्नौज सांसद अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिन मनाया। पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव यादव के नेतृत्व में 52 किलोग्राम लड्डु का केक काटकर मनाया गया। इस दौरान आपस में एक दूसरे को मिष्ठान खिलाया गया। साथ ही लोगों को वितरण किया गया। इस मौके जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर आज हम सभी समाजवादी कार्यकर्ता यह संकल्प करते हैं कि जिस प्रकार अखिलेश यादव ने डॉ. लोहिया, जनेश्वर मिश्र व मुलायम सिंह यादव के सिद्धांतों पर चलकर सदैव आमजन के परेशानियों के संघर्ष का रास्ता चुना। उसी प्रकार हम सभी जनता के हितों को सुरक्षित रखने के लिए सडक़ पर उतर कर संघर्ष करने के लिए तैयार रहेंगे। वहीं अन्य वक्ताओं ने उनके विचारों एवं नीतियों के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं कार्यकर्ताओं ने सपा मुखिया अखिलेश यादव को दोबारा मुख्यमंत्री बनाने की शपथ ली। कार्यक्रम के क्रम में कलाकारों ने अखिलेश यादव को शुभकामनाएं संदेश देते हुए अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन घायल, जिला महासचिव डा. शिशुपाल सिंह लोधी, पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी, नगराध्यक्ष अशुल जैन अभी खजुरिया, जिला उपाध्यक्ष भजनलाल कुशवाहा, तिलक यादव बानोनी, सोबरन सिंह यादव, अनुराग खरे, महिला सभा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा, स्वामी प्रसाद यादव, अनवर खान, राम विलास रजक, तुलसीराम अहिरवार, बाबूलाल पाल, रामदास श्रोतीय, राममूर्ति तिवारी, अनुराग खरे, हरीसिंह यादव, जिजयावन, राजेश जयगुरूदेव, मूरत सिंह यादव, सोन सिंह यादव, राजेश यादव पठारी, आकिब मंसूरी, पुष्पेन्द्र बसवां, आरिफ कुरैशी, नीलू रजक, रूचि, रोहित राठौर, अशोक अहिरवार, अरशद मंसूरी, नरेन्द्र सिंह राजूपत, रामनरेश यादव, विजय यादव, सेंदपाल यादव, रहीश यादव, मक्खन कुशवाहा, प्रमोद इमलिया, राजेश झां, हुकुम सिंह, गौरव विश्वकर्मा, जय सिंह, राजेन्द्र सिंह डुलावन, सुखदयाल, देशराज, सुरेश पटेल, सुखलाल, पुष्पेन्द्र, प्रमोद गौतम, शैलेन्द्र यादव शांतिनगर, ह्देश यादव, चंद्रपाल यादव, अभिषेक यादव, रामरतन यादव, रोबन यादव, शत्रुघन यादव, संतोष पटेल, सिकंदर मंसूरी, आशीष यादव, विक्की रजक, शहरोज खान, भरत यादव, बृजेश कुशवाहा, पवन सिंह यादव, लाल सिंह, सत्यप्रकाश तिवारी, निरपत सिंह, राहुल यादव, अंशुल, शाहिद अली, इकलाक मंसूरी, महाराज सिंह, धनुष राम, पुष्पेन्द्र सिंह, सुजान सिंह, महिपाल, गौरव, अजय, इंद्रपाल, राहुल, रामपाल सिंह, चंद्रपाल सिंह, रोहित यादव, पुष्पेन्द्र दिनेरिया, धर्मेन्द्र यादव धौर्रा, कृष्णपाल यादव, धर्मेद्र यादव, पवन सिंह यादव, राजबहादुर यादव, अजय सिंह यादव, यश्वंत यादव, अवतार यादव, लाखन यादव, राजेन्द्र सिंह, शुभम यादव, ओमप्रकाश कुशवाहा, सिरनाम सिंह, शशिराजा यादव, दीपेश यादव, योगेन्द्र यादव, अमित कुशवाहा, मनोज खरे, अंकुश यादव, राहुल अहिरवार, शाकिर अली, फूल सिंह कलौथरा, मोहम्मद शरीफ, इंद्रभान सिंह यादव, चारू सतभैया, सचिन सोलंकी, जितेन्द्र जोशी, अभिषेक जैन, धनसिंह अहिरवार, यादवेन्द्र सिंह ठेकेदार, प्रियंक यादव, पुरूषोत्तम प्रजापति, राजेन्द्र यादव, विशाल यादव, संजय रजक, यशपाल सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, इंद्रभान सिंह, माखन सिंह, अनिल, इंद्रभान, जगभान, विनोद कुमार वंशकार, शक्ति बाल्मीकि, राहुल यादव, सरनाम सिंह, ओमप्रकाश कुशवाहा, जलील मंसूरी, प्रकाश नदनवारा, नसीर खान, कृष्णपाल सिंह, रामस्वरूप सिंह, संजय रजक आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट का वितरण समारोह

**ललितपुर।** वन महोत्सव के शुभारम्भ पर जिला महिला चिकित्सालय में जन्मे शिशुओं के माता-पिता को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट वितरित किया गया। ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट का वितरण विधायक रामरतन कुशवाहा, सीएमओ डा. इम्तयाज अहमद, उप प्रभागीय वनाधिकारी महरौनी सतेन्द्र सिंह तोमर, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा. राजेश भारती, क्षेत्रीय वन अधिकारी भोला प्रसाद सिंह ललितपुर रेंज किये। साथ-साथ एक-एक पौधा नवजात शिशुओं के माता-पिता को दिया गया। पौधे को नवजात शिशुओ के माता-पिता द्वारा रोपित किया जायेगा एवं पौधो की देखरेख, सुरक्षा भी उनके द्वारा की जायेगी। उक्त अवसर पर जिला महिला चिकित्सालय के स्टॉफ सहित वन विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट का वितरण 1-7 जुलाई 2025 के बीच जन्मे नवजात शिशुओ के माता-पिता को चिकित्सा विभाग एवं वन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनमानश में पौधारोपण तथा उसकी बच्चे की तरह देखभाल करने की जागरूकता उत्पन्न करना है।

### ललितपुर के तालबेहट में अज्ञात ट्रक चालक ने विद्युत पोल को पहुंचाया नुकसान, प्राथमिकी दर्ज

**ललितपुर।** तालबेहट थाना क्षेत्र में 29 जून 2025 की रात करीब 8.30 बजे एक अज्ञात ट्रक चालक ने तहसील परिसर के सामने एल.टी. लाइन पर स्थापित एस.टी.पी. विद्युत पोल में टक्कर मार दी, जिससे पोल क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना से विद्युत विभाग को आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना के संबंध में अवर अभियंता किशन कुमार शुक्ला ने थाना तालबेहट में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर ट्रक (नंबर क्क 93 बीटी 3965) के अज्ञात चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 281 और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम, 1984 की धारा 3(2)(क) के तहत प्राथमिकी (एफआईआर नंबर 0300) दर्ज की गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और अज्ञात चालक की तलाश जारी है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बार थाने में दीवार तोड़ने और मारपीट का मामला दर्ज, चार के खिलाफ एफआईआर

**ललितपुर।** जिले के बार थाने में एक प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की गई है, जिसमें ग्राम सेमराडांग के निवासी प्रतिपाल पुत्र बद्दू पाल ने अपने पड़ोसियों पर दीवार तोड़ने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। एफआईआर संख्या 0232 दिनांक 30 जून 2025 को रात 23.55 बजे दर्ज की गई।प्रतिपाल ने अपनी शिकायत में बताया कि 5 जून 2025 को रात करीब 10 बजे रामपाल पुत्र रूप सिंह, जगभान पुत्र रामपाल और प्रभान पुत्र रामपाल यादव ने ट्रैक्टर से उनकी निर्माणाधीन मकान की दीवार तोड़ दी और पत्थर फेंके। इसके बाद 29 जून 2025 को जब प्रतिपाल ने दोबारा निर्माण शुरू किया, तब उक्त आरोपियों के साथ एक अज्ञात व्यक्ति ने फिर से दीवार तोड़ दी। जब प्रतिपाल ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें गालियां दीं और लात-घूंसों व लाठी से मारपीट की। साथ ही, जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इस घटना के गवाह के रूप में कल्लू पुत्र धनुवा, मोहन पुत्र दलपत और हरीलाल पुत्र लक्ष्मन का जिक्र किया गया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 324(4), 115(2), 352 और 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है। बार थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की कार्रवाई की जा रही है।प्रतिपाल ने थाना प्रभारी से कानूनी कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर चर्चा है और पुलिस से त्वरित कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है।

### न्याय की गुहार, अनुसूचित जाति की महिला से जातिसूचक गालियां

**ललितपुर।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आईटीआई काशीराम आवास कॉलोनी में निवास करने वाली एक दलित महिला श्रीमती कमलेश पत्नी राजकुमार बसोर ने गंभीर आरोप लगाते हुए तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 जून 2025 को शाम लगभग 5.20 बजे, आरोपी काना पाल, उसकी पत्नी रेखा और पुत्री निशा निवासी ब्लॉक नंबर 12, आईटीआई कॉलोनी, ने पीड़िता को उसके ही घर में जाकर जातिसूचक गालियां दीं और विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान रेखा ने पीड़िता के हाथ पर दांत से काटा। घटना के समय पीड़िता की बेटी सुहाना जब बीच-बचाव करने आई, तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। यही नहीं, पीड़िता को व उसके परिवार को जान से मारने व उसके पति को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी गई। पीड़िता के अनुसार, मारपीट के दौरान उसका सोने का मंगलसूत्र भी गिर गया, जिसकी खोजबीन करने के बावजूद कोई पता नहीं चला है। पीड़िता ने यह भी बताया कि आरोपी पहले से ही उन्हें धमका रहे हैं और लगातार जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए कॉलोनी से निकालने की धमकी दे रहे हैं।घटना के संबंध में थाना कोतवाली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 3.52, 115(2), 351(3), तथा एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धाराओं 3(1)(द), 3(1)(घ), 3(2)(वी.ए.) के तहत एफआईआर संख्या 0749 दिनांक 01 जुलाई 2025 को रजिस्टर कर ली है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

# वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान का शुभारंभ

**ललितपुर।** वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित तीन माह का वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान (1 जुलाई से 30 सितंबर 2025) का शुभारंभ 01 जुलाई 2025 को करनाल जिले के ग्राम बसताड़ा से हुआ। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण व दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को बैंकिंग सेवाओं, बीमा योजनाओं तथा पेंशन योजनाओं से जोड़ते हुए वित्तीय समावेशन को सशक्त करना है। ग्राम पंचायत भवन, बसताड़ा में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में अनेक वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय टांक, डिप्टी डायरेक्टर पंचायती राज (डीडीपीओ) करनाल रहे। उनके साथ श्री जोगिंदर सिंह, उप महाप्रबंधक (डीजीएम) पंजाब नेशनल बैंक, एसएलबीसी चंडीगढ़, जगजीत सिंह, डीजीएम, पीएनबी मंडल कार्यालय करनाल, हेप्पी लक गुप्ता, चेयरमैन, नगर परिषद घरौंडा, अमित कुमार झा चीफ मैनेजर कैनरा बैंक घरौंडा, सुरेश फौजी, सरपंच बसताड़ा एवं सुधीर दहिया, रीजनल मैनेजर, सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक पानीपत बी.के. मेहता एफएलसी कैनरा बैंक, चन्दर मोहन रेलन एफएलसी पंजाब नेशनल बैंक भी मंचासीन रहे। इस अवसर पर ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न वित्तीय एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई और मौके पर ही लाभार्थियों को सेवाओं से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की गई। इस अभियान में विशेष रूप से इन योजनाओं पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत बैंक खाता खोलना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पी.एम.एस.बी.वाई.), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पी.एम.जे.जे.बी.वाई.), अटल पेंशन योजना (ए. पी. वाई.), बचत खातों की री-केवाईसी प्रक्रिया, डिजिटल लेनदेन एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान की शुरुआत के पहले ही दिन, ग्रामवासियों में भारी उत्साह देखा गया। ग्राम के गणमान्य नागरिकों, युवा वर्ग, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम के अंत में अग्रणी जिला प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक ने सभी उपस्थित अतिथियों, अधिकारियों, बैंक प्रतिनिधियों और ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया।उन्होंने इस बात पर बल दिया कि यह अभियान करनाल जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत तक पहुँचाकर, ग्रामीण आबादी को मुख्यधारा की बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने में मील का पत्थर साबित होगा।

# एसपी ने आईजीआरएस शाखा का निरीक्षण कर दिए निर्देश



**ललितपुर।** एसपी मो. मुश्ताक ने आईजीआरएस शाखा का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय में रखे गए अभिलेखों, रजिस्टरों एवं अन्य दस्तावेजों का गहनता से अवलोकन कर उनके निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। रजिस्टरों को अद्यावधिक कर आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों का उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी ने कार्यालय की कार्यप्रणाली में और अधिक पारदर्शिता एवं दक्षता लाने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने अभिलेखों के सही रख-रखाव, समयबद्ध प्रविष्टि तथा रिकॉर्ड की नियमित जांच पर विशेष बल दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई एवं अनुशासन बनाए रखने की भी सराहना की एवं सतत सुधार की प्रक्रिया को अपनाने के निर्देश दिए।

# एलपीजी शवदाह मशीन के द्वारा महिला का किया अंतिम संस्कार



**ललितपुर।** हमारी संस्था अनन्त सेवा ग्रुप द्वारा इलाइट मुक्ति धाम में 1 जुलाई को एलपीजी शवदाह मशीन द्वारा ललितपुर के वार्ड नंबर 15 की निवासी अति गरीब परिवार की महिला पूजा शर्मा की लम्बे इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी जिसकी सूचना पार्षद मनमोहन चौबे के द्वारा दी गयी और उनके विशेष सहयोग से महिला का अंतिम संस्कार महिला के परिवार जनो के समक्ष कराया गया ।

संस्था द्वारा परिवार को मात्र 2 घंटे में अस्थियां सुपुर्द कर दी गयीं। संस्था के महासचिव प्रशांत श्रीवास्तव ने जानकारी दी की बारिश के मौसम में जब सूखी लकड़ियों का आभाव होता है तब एलपीजी मशीन के द्वारा शवदाह एक बेहतर विकल्प है और संस्था का यह कार्य पूरीतरह से निःशुल्क है। संस्था के वरिष्ठ समाज सेवक संजीव खरे के द्वारा यह कार्य राम चंद्र यादव (रामू) की सहायता से कराया गया और सभी वरिष्ठ सदस्य श्री सत्य नारायण शुक्ला, श्री वासुदेव पटवा, मनमोहन जड़िया, डी एस विवेक,संजय डेयोडिया, भरत रिछारिया, सुलभ गुप्ता, दीपक सोनी, महेन्द्र सविता, विकास श्रीवास्तव, रामेश्वर मालवीय और संस्था के अन्य सभी सदस्यों के विशेष सहयोग के द्वारा अंतिम संस्कार हुआ । शवदाह के संपर्क के लिए निम्न नंबर पर संपर्क करें

# 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन, 70 खिलाड़ियों और 55 प्रशिक्षकों को किया गया सम्मानित

## महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने खिलाड़ियों को खेल अभ्यास में अनुशासन बनाए रखने के लिए दी शुभकामनाएं




**रायपुर,कासं.।** स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा रायपुर में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर दिनांक 15 मई से 13 जून 2025 तक 30 दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का समापन दिनांक 01 जुलाई 2025 को संध्या 4ः00 बजे स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा रायपुर में श्रीमती मीनल चौबे महापौर, नगर पालिका निगम रायपुर के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। आयोजन में श्रीमती अभिलाषा पैंकरा, अपर कलेक्टर, सहायक संचालक खेल एवं खेल संघ/संस्थान के सदस्य, व्यायाम शिक्षक, प्रशिक्षक, खिलाड़ी शामिल हुए। श्री प्रवेश जोशी, खेल अधिकारी द्वारा प्रतिवेदन पाठन किया गया। समापन में फुटबाल, हैण्डबाल, वॉलीबाल, बास्केटबाल, एथलेटिक्स, हॉकी, नेटबाल, कबडडी, कराते, टेनिक्वाईट, किक बॉक्सिंग, टेबल टेनिस, खो-खो, स्क्रेश, जम्परोप, ताईक्वांडो, आरचरी, क्याकिंग केनाईग, सॉफ्टबाल, जिमनास्टिक, बेसबॉल, कुश्ती, भारोत्तोलन, फेंसिंग खेलों के लगभग 500 खिलाड़ी उपस्थित थे। शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 70 खिलाड़ियों व 55 प्रशिक्षकों को पुरस्कृत एवं खेल सामग्री प्रदाय किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि श्रीमती मीनल चौबे महापौर नगर निगम रायपुर ने अनुशासन के साथ खिलाड़ियों को आगे बढ़ने व नियमित खेल अभ्यास करते रहने के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर खेल संघ,संस्थान, व्यायाम शिक्षक, प्रशिक्षक उपस्थित थे। 30 दिवसीय शिविर में 24 खेलों के 1427 बालक / बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। श्री टी. निंगराज रेड्डी, वरिष्ठ प्रशिक्षक द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

# जनसंपर्क विभाग के उपसंचालक आनंद प्रकाश सोलंकी को सेवानिवृत्ति पर दी गई गरिमामय विदाई

**मुख्यमंत्री प्रेस प्रकोष्ठ में अनवरत 23 वर्षों तक उल्लेखनीय सेवाएं**

**रायपुर, कासं.।** जनसंपर्क विभाग में 31 वर्षों तक अपनी उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले उप संचालक श्री आनंद प्रकाश सोलंकी के सेवानिवृत्ति अवसर पर 30 जून सोमवार को जनसंपर्क संचालनालय में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अपर संचालक श्री जे एल दरियो, अपर संचालक श्री उमेश मिश्रा एवं अपर संचालक श्री संजीव तिवारी सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्री सोलंकी की सेवा, समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। यहां यह उल्लेखनीय है कि श्री आनंद प्रकाश सोलंकी ने अपने सेवाकाल के 23 वर्ष तक मुख्यमंत्री प्रेस प्रकोष्ठ में एक जिम्मेदार अधिकारी के रूप में कार्य करते हुए राज्य शासन की योजनाओं एवं नीतियों को जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह उनके कार्यकुशलता,निष्ठा और विश्वास का प्रमाण है।

विभागीय अधिकारियों ने इस अवसर पर श्री सोलंकी के उज्वल भविष्य और सुदीर्घ स्वस्थ्य जीवन की कामना की। अपर संचालक श्री उमेश मिश्रा एवं संयुक्त संचालक श्री बी.एम तंबोली ने कहा कि श्री सोलंकी का सरल व्यवहार, उनकी सौम्यता और कार्यशैली अनुकरणीय है।

समारोह में उनके साथ कार्य कर चुके सहकर्मियों ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों ने श्री सोलंकी को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दी। श्री आनंद प्रकाश सोलंकी ने इस मौके पर विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त मार्गदर्शन और सहकर्मियों से मिले सहयोग के लिए आभार जताते हुए कहा कि आप सभी लोगों के सहयोग से ही वह अपने दायित्वों के निर्वहन में सफल रहे हैं।

### विभिन्न मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ स्कूल सफाई कर्मचारी संघ 6 को देगा धरना

**रायपुर, कासं.।** छत्तीसगढ़ स्कूल सफाई संघ ने पूर्वकालीन कलेक्टर दर वेतन भुगतान युक्तियुक्तकरण समायोजन एवं नियमितीकरण की मांग को लेकर छह जुलाई को धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। संघ के प्रवक्ता प्रदीप वर्मा ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि छह जुलाई को नया रायपुर स्थित धरनास्थल में कर्मचारी संघ द्वारा प्रदेश स्तरीय धरना दिया जाएगा। जिसमें संघ के हजारों सदस्य हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि सरकारी स्कूलों में 15 सालों से 43 हजार से भी अधिक सफाई कर्मी कार्यरत है। इसके बाद भी सरकार द्वारा अनेकोंबार जिम्मेदारों को ज्ञापन सौंपने के बावजूद भी नियमितीकरण नहीं किया गया है। उन्हें केवल 3 हजार से 34 सौ रुपये ही प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है। संघ 50 प्रतिशत की मांग को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रहा है। जारी धरने के दौरान मुख्यमंत्री निवासी विधानसभा मंत्रालय भाजपा प्रदेश कार्यालय घेराव की रणनीति बनेगी।

# बरसात को देखते हुए अलर्ट मोड पर रहें सभी अधिकारी : निगमायुक्त श्री संघ प्रिय

## टीएल बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**ग्वालियर।** बरसात के मौसम को देखते हुए जल प्रदाय, सीवर, जनकार्य, भवन शाखा आदि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण करें तथा हर परिस्थिति से निपटने के लिए अलर्ट मोड पर रहें तथा सभी के फोन उठाएं और संतुष्टि के साथ जवाब भी दें। उक्ताशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने टीएल बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर आयुक्त श्री विजय राज, श्री मुनीष सिंह सिकरवार, श्री अनिल दुबे, उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव, श्री सुनील चौहान, कार्यपालन यंत्री श्री संजीव गुप्ता, सिटी प्लानर श्री एपीएस जादौन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। नगर निगम मुख्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में निगमायुक्त श्री संघ प्रिय ने अधिकारियों को निर्देशित किया बरसात का मौसम चल रहा है, जलभराव या सीवर से संबंधित कोई भी समस्या आती है तो उसका तत्काल निराकरण करायें। इसके साथ सभी वरिष्ठ अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण करें। साथ ही सीवर से संबंधित सभी उपयंत्रियों को निर्देशित किया कि प्रतिदिन कितनी सीवर की सफाई और कहां कहां की है इसकी जानकारी प्रतिदिन शाम को उपलब्ध करायें। बैठक में यह भी निर्देश दिए कि जनकार्य बिना प्लानिंग एक भी सडक न खादे किसी भी कार्य के लिए और जहां रोडे खोदी गई है वहां रेस्टोरेशन का कार्य करायें। बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया झाड़ू वाला मोहल्ला, कुशवाह मोहल्ला, मेवाती मोहल्ला आदि स्थानों पर नालों की सफाई नहीं कराई गई जिस कारण जलभराव हो रहा है। इस प्रकार की शिकायतें मिल रही है, संबंधित अधिकारी क्षेत्र निरीक्षण कर उक्त स्थलों की समस्याओं का निराकरण करायें तथा जहां जहां नालों पर अतिक्रमण कर लिया है अभियान चलाकर नालों से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करें।

बैठक में यह भी निर्देश दिए कि पार्क विभाग प्रमुख सड़कों का निरीक्षण कर पेडों की स्थिति देखें अगर कोई पेड़ गिरने की स्थिति में है तो उसको हटाने की कार्यवाही करें जिससे कोई जन हानि न हो। निगम के सभी कर्मचारियों का युक्तियुक्तकरण किये जाने हेतु कर्मचारियों की जानकारी भेजने के निर्देश संबंधित अधिकारियों दिए।

# निगमायुक्त ने किया वार्ड 58 एवं 30 का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश




**ग्वालियर।** नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने शहर में जलभराव एवं साफ सफाई की स्थिति देखने के लिए वार्ड 58 एवं 30 का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय अधिकारी श्री अनिल श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने वार्ड 58 एवं 30 में श्री राम कॉलोनी, माधव नगर, एजी ऑफिस पुल सिटी सेंटर सहित अन्य कई क्षेत्रों में भ्रमण कर जल भराव की स्थिति का जायजा लिया तथा सफाई की स्थिति को भी देखा तथा सहायक स्वास्थ्य अधिकारी को प्रतिदिन समय पर सफाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों को निरंतर गंभीरता से कार्य करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान वार्ड 58 एवं 30 में गंदगी मिलने पर संबंधित डब्ल्यूएचओ का एक-एक इंक्रीमेंट रोकने के निर्देश दिए।

# जल भराव के दौरान तत्काल मौके पर पहुंचे निगम अमला, करे जल निकासी की व्यवस्था : महापौर डॉ. सिकरवार

## महापौर डॉ. सिकरवार ने की जलभराव वाले स्थानों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश, क्षेत्रीय कार्यालय वार कर्मचारियों की टीम बनाने के दिए निर्देश




**ग्वालियर।** बारिश के दौरान शहर में कहीं भी जलभराव की स्थिति न बने और जहां से सूचना मिले वहां तत्काल निगम का अमला पहुंचकर जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके साथ ही शहर के सभी लोगों को कंट्रोल रूम के नम्बर की जानकारी हो एवं किस क्षेत्र के लिए किस अधिकारी व कर्मचारी से सम्पर्क करें इसकी जानकारी प्रत्येक नागरिक को हो इसका व्यापक प्रचार प्रसार करें। उक्ताशय के निर्देश महापौर डॉ. शौभा सतीश सिंह सिकरवार ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए। बाल भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में मेयर इन काउंसिल के सदस्य श्री अवधेश कौरव, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, अपर आयुक्त श्री विजय राज, श्री मुनीष सिंह सिकरवार, श्री अनिल दुबे, उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, श्री एपीएस भदौरिया, अधीक्षण यंत्री श्री अतिबल सिंह यादव, कार्यपालन यंत्री श्री संजीव गुप्ता, श्री आरके शुक्ला, श्री सुशील कटारे सहित सहायक यंत्री, उपयंत्री उपस्थित रहे। बैठक में महापौर डॉ. सिकरवार ने अधिकारियों से जानकारी ली कि शहर में ऐसे कितने पॉइंट हैं जहां जल भराव की स्थिति बनती है तथा वहां जल निकासी की क्या व्यवस्था की गई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर जल निकासी हेतु ड्यूटी लगाकर कर्मचारियों को तैनात करें। रात्रि के समय भी कर्मचारी संसाधनों के साथ उपस्थित रहें तथा और भी जो आवश्यक व्यवस्था की जानी वह सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करें। इसके साथ ही बारिश के दौरान सभी अधिकारी व कर्मचारी अलर्ट रहें और जहां आवश्यकता हो वहां तत्काल संसाधन सहित मौके पर पहुंचे। उन्होंने आदित्यपुरम में जल भराव की स्थिति को देखा तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शकुंतलापुरी नाले की बाउंड्री वॉल तत्काल बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ यह भी निर्देश दिए कि सभी क्षेत्रों में लाइट की व्यवस्था प्रॉपर रहे, जहां जलभराव की स्थिति बनती है, वहां जाकर देखें तथा स्ट्रीट लाइन एवं विद्युत की व्यवस्था हर हाल में प्रोपर करें जिससे दुर्घटना की सम्भावना न बने। इसके साथ ही पार्क विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी सतर्क रहें और क्षेत्र में जाकर निरीक्षण करें जो पेड़ कमजोर हैं, उनको काटने की कार्यवाही करें। जिससे कोई गंभीर स्थिति न बने। वहीं जहां भी सड़कों पर गड्ढे इत्यादि हैं उनमें मुरम भराकर सडक को मोटरेबल बनायें।

# अपर आयुक्त ने सुनी आमजन की समस्यायें, दिए निराकरण के निर्देश



**ग्वालियर।** आमजनों की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जनसुनवाई आयोजित की गई। जिसमें नगर निगम ग्वालियर में अपर आयुक्त श्री मुनीष सिकरवार, श्री अनिल दुबे ने आमजनों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई के दौरान उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सिटी सेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में वार्ड 43 श्रीमती सुनीता अग्रवाल व अन्य ने आवेदन देते हुए बताया कि सराफा बाजार में कोठारी संस के संचालक द्वारा अवैध रूप से तलघर में व्यवसाय किया जा रहा है, आवेदकों ने उचित कार्यवाही के संबंध में, वार्ड 13 कोटावाला मोहल्ला निवासी श्री संतोष कुमार ने आवेदन देते हुए बताया कि उनकी भूमि को फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराकर किए जा रहे नामांतरण को रोके जाने के संबंध में, वार्ड 07 जगनापुरा लधेडी निवासी श्री लल्ले ने आवेदन देते हुए बताया कि विवादित भूमि पर अवैध कॉलोनी का निर्माण कर आवासीय भूखण्ड विक्रय किए जा रहे हैं, आवेदक ने उचित कार्यवाही के संबंध सहित निगम से संबंधित अनेक समस्याओं के आवेदन आवेदकों ने अपर आयुक्त को दिये। अपर आयुक्त ने सुनवाई करते हुए कुछ समस्याओं का निराकरण त्वरित करते हुए बांकी समस्याओं के निराकरण के लिए संबधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही जनसुनवाई में पेयजल, अतिक्रमण, सफाई, विद्युत, आवास, सीवर सफाई, नामांतरण आदि से संबंधित 43 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश अपर आयुक्त ने दिए।

# सड़क पर गंदगी फैलाने पर वसूला जुर्माना



**ग्वालियर।** शहर स्वच्छ व साफ रहे इसलिए गंदगी फैलाने वालों, अमानक पॉलीथिन, गोबर नालियों में बहाने वालों एवं भवन सामग्री सडक पर डालने वालों पर निगम द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई निरंतर की जा रही है, जिसके तहत स्वास्थ्य अधिकारी श्री भीष्म कुमार पमनानी के निर्देशन में आज फ्लाइंग स्क्वायड दक्षिण विधानसभा की टीम द्वारा वार्ड क्रमांक 50 एवं वार्ड क्रमांक 46 में कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान कृष्ण रेस्टोरेंट द्वारा सडक पर गंदगी फैलाने पर 500 रूपये, अनिल किराना स्टोर द्वारा कचरा सडक पर फैंकने पर 1000 रूपये का जुर्माना किया गया। एएचओ श्री जोगेन्द्र यादव, जोनल हेल्थ ऑफीसर श्री महेश पत्थरोड़, डब्ल्यूएचओ श्री विक्रम बागडे, श्री रवि गौहर, दक्षिण फ्लाइंग स्क्वाड प्रभारी श्री धर्मेंद्र धीरज धौलपुरिया आदि उपस्थित रहे। इसके साथ ही स्वास्थ्य अधिकारी श्री किशोर चौहान के निर्देशन में फूलबाग पर स्थित ठेला चालक, दुकानदारों के पास डस्टबिन रखवाए गए एवं समझाइश भी दी गई कि अपनी दुकान के पास दो डस्टबिन अवश्य रखें तथा न गंदगी करने दे और न स्वयं गंदगी करें।

# कोठारी पाइप्स द्वारा अवैध विज्ञापन करने पर निगम ने लगाया एक लाख पचास हजार रूपये का जुर्माना




**ग्वालियर।** नगर निगम सीमांतर्गत शहर में अवैध रूप से विज्ञापन करने वाले विज्ञापनकर्ताओं पर जुर्माना अधिरोपित करने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। जिसमें कोठारी पाइप्स द्वारा अवैध विज्ञापन करने पर 1 लाख 50 हजार रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया। अपर आयुक्त श्री अनिल दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देश पर नगर निगम सीमांतर्गत कोठारी पाइप्स द्वारा अवैध रूप से वाहन के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के संबंध में म.प्र. आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 के उल्लंघन करने पर 1 लाख 50 हजार रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया तथा उक्त वाहन को जब्त करने की कार्यवाही की गई।

# मुरैना की सड़कें बनी हादसों को आमंत्रण

## लालौर फाटक पर धंसी सड़क, बाल-बाल बचा डंपर पलटने से



**मुरैना,कांस।** शहर की सड़कें एक बार फिर अपनी जर्जर हालत के चलते हादसों को न्योता देती नजर आ रही हैं। मंगलवार शाम लालौर फाटक के पास हुई एक घटना ने इस बात को और पुख्ता कर दिया। बारिश के कारण यहाँ सड़क अचानक धंस गई, जिससे एक डंपर पलटने से बाल-बाल बच गया। इस घटना के कारण एक बड़ा हादसा टल गया, हालांकि सड़क पर करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, शाम के समय जब एक डंपर लालौर फाटक से गुजर रहा था, तभी बारिश के कारण नरम हुई सड़क का एक हिस्सा अचानक नीचे धंस गया। गनीमत रही कि डंपर चालक ने सूझबूझ से काम लिया और वाहन को नियंत्रित कर लिया, अन्यथा वह पलट सकता था, जिससे जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता था। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है। बारिश के मौसम में मुरैना की अधिकांश सड़कों की हालत खस्ता हो जाती है, जिससे आए दिन छोटे-मोटे हादसे होते रहते हैं। लालौर फाटक पर सड़क धंसने की इस घटना ने एक बार फिर प्रशासन की अनदेखी और सड़क निर्माण में गुणवत्ता की कमी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस घटना के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। बाद में स्थानीय पुलिस और लोगों की मदद से स्थिति को सामान्य किया जा सका।

शहरवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सड़कों की मरम्मत और रखरखाव पर तत्काल ध्यान दिया जाए, ताकि भविष्य में ऐसे बड़े हादसों से बचा जा सके।

# रोटरी क्लब चम्बल ने नवीन सत्र 2025-26 के शुभारंभ पर किया डॉक्टर्स और सीए का सम्मान

## नवीन सत्र 2025-26 के लिए अभय परमार बने अध्यक्ष एवं नीरज बांदिल बने सचिव




**मुरैना,कांस।** रोटरी की गौरवशाली परंपरा का निर्वहन करते हुए, रोटरी क्लब चम्बल ने नवीन का आगाज करते हुए सत्र 2025-26 का शुभारंभ 1 जुलाई मंगलवार को डॉक्टर्स डे एवं सीए डे के उपलक्ष्य में शहर के प्रमुख 2 डॉक्टर्स एवं 2 सीए - डॉ सुरेश गुप्ता , डॉ राहुल गुप्ता, सीए आदित्य गोयल , सीए राहुल गुप्ता का सम्मान किया । गतिविधियों में रोटरी क्लब चम्बल की ओर से डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी आनंद गुप्ता, सह प्रान्तपाल आकाश चांदिल, अध्यक्ष अभय परमार, सचिव नींरज बांदिल, कोषाध्यक्ष अनूप सिंघल,कोषाध्यक्ष रोहित शिवहरे, सीए गोविंद चांदिल, प्रमोद उपाध्याय, गिर्राज अर्गल, कमल गोयल, राहुल वर्मा आदि सदस्य उपस्थित होकर सभी डॉक्टरों और सीए सम्मान कर उनका मनोबल बढ़ाया साथ ही साथ डॉ और सीए डे की बधाईया एवं शुभकामनाएं दी, रोटरी क्लब चम्बल के अध्यक्ष ने कहा कि डॉक्टर्स और सीए दोनों की अहमियता हमारे जीवन मे बहुत होती है, क्योंकि डॉक्टर्स हमारी हेल्थ का खयाल रखते है और सीए हमारी वेल्थ का इश्लिये इन दोनों से सदैव जुड़ाव बना रहना चाहिए ।

# अभाविप के विभाग संयोजक बने सत्यादित्य तोमर



**मुरैना,कांस।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मध्य भारत प्रांत का प्रांत अभ्यास वर्ग सीहोर में संपन्न हुआ, इस प्रशिक्षण वर्ग में प्रांत के 18 जिलों से आए कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और विभिन्न सत्रों के माध्यम से संगठनात्मक कार्यशाली विचारधारा एवं नेतृत्व कौशल का प्रशिक्षण प्राप्त किया अभ्यास वर्ग के उद्घाटन सत्र में अब आगे के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । साथ ही इस अवसर पर अभाविप के प्रदेश स्तर के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वर्ग में शैक्षणिक सामाजिक व राष्ट्रीय विषय पर भी विचार विमर्श किया गया, साथी 18 जिलों से आए कार्यकर्ताओं ने विभिन्न सत्रों के माध्यम से संगठन आत्मक कार्यशैली विचारधारा एवं नेतृत्व कौशल का प्रशिक्षण प्राप्त किया, इस अभ्यास वर्ग के समारोप सत्र में संगठन की आगामी कार्य योजना एवं संरचना को लेकर महत्वपूर्ण घोषणाएं हुई जिसमें मुरैना जिले में सत्यादित्य तोमर को विभाग संयोजक भिंड मुरैना बनाया गया, साथ ही शिवराज शर्मा को विभाग प्रमुख ,शिवकुमार पचोरी को जिला प्रमुख एवं विकास शर्मा को जिला संयोजक नियुक्त किया गया।

## मर्ग जांच पर से बाइक चालक के खिलाफमामला दर्ज

**मुरैना,कांस।** कोतवाली थाना पुलिस ने मर्ग जांच पर से बाइक चालक के खिलाफमामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विवेकानंद कॉलौनी निवासी जयकिशन पुत्र राधेश्याम कुशवाह उम्र 21 साल नाला नम्बर एक के पास यादव कोठी के पास जा रहा था कि उसी समय बाइक क्रमांक एमपी06 जेडई 7529 के चालक ने बाइक को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए दिनांक 13.6.2025 को टक्कर मार दी जिससे युवक की मौत हे गई। थाना पुलिस ने मर्ग जांच पर से आरोपी बाइक चालक के खिलाफबीएनएस की धारा 106(1) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# नदी में डूबने से दो किशोरो की मौत

**मुरैना,कांस।** जिले के देवगढ थाना क्षेत्र में क्वारी नदी में डूबने से दो किशोर बच्चो की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के खिटौरा गॉव के पास क्वारी नदी में सूरज पुत्र विशाल सिंह राजावत उम्र 15 साल निवासी खिटौरा व कृष्णा पुत्र वीरपाल परमार उम्र 14 साल ग्राम भारे थाना जगनेर आगरा नदी में नहाने गए थे जहॉ नहाते समय उनकी नदी के गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई।

# कलेक्टर ने मुरैना गांव पहुंचकर दो समुदाय के बीच विवाद को निपटान के लिये तहसीलदार से खसरा रिपोर्ट मांगी



**मुरैना,कांस।** विदित है कि कई महिनों से मुरैना गांव में खसरा नंबर 990 पर जाटव समुदाय के लोगों द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगा दी गई है। इस पर जाटव और किरार समाज का विवाद आये दिन बना रहता है। इस स्थिति का समाधान करने के लिये कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने मुरैना गांव पहुंचकर सर्वे क्रमांक 990 भूमि पर पहुंचकर वस्तुस्थिति का मौका मुआयना किया और संबंधित पटवारी और तहसीलदार को निर्देश दिये कि बंदोबस्त के पूर्व और बंदोबस्त के बाद खसरा रिपोर्ट की जानकारी तत्काल मुझे अवगत कराई जाये ताकि दो समुदाय के बीच आपसी झगड़े का समाधान किया जा सके। भ्रमण के समय तहसीलदार मुरैना तथा पटवारी एवं बड़ी संख्या में दोनों पक्ष उपस्थित थे।

# बाल अधिकारों के संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं महिला बाल विकास की संयुक्त कार्यशाला संपन्न

**मुरैना,कांस।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती संगीता मदान एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री ओपी पांडेय के मार्गदर्शन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किशोर न्याय समिति उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा बाल अधिकारों की संबंध में जागरूकता अभियान माह जून एवं जुलाई में व्यापक स्तर पर शिविरों के आयोजन हेतु मंगलवार को जनपद पंचायत सभागार में बाल अधिकारों के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का साथ शुभारंभ विधिक सहायता अधिकारी श्री बृजेंद्र सिंह भदोरिया के द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को बच्चों के सभी अधिकार पोषण का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, स्वास्थ्य का अधिकार, सुरक्षा अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में श्री रविकांत दुबे के द्वारा अनाथ बच्चों के लिए मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना एवं स्पॉन्सरशिप योजना के तहत लगने वाले दस्तावेजों की जानकारी दी गई।

# सेवाकाल पूर्ण होने पर आर ई एस के कार्यपालन यत्री आर आर सुमन का विदाई समारोह सम्पन्न

## आदर्श समाज की स्थापना के लिए जात रूपी अजगर को खत्म करना होगा- सुमन



**मुरैना,कांस।** दिनांक 30 जून 2025 को श्री आर आर सुमन कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यंत्रिकी सेवा संभाग मुरैना का शासकीय सेवाकाल पूर्ण होने पर विदाई समारोह के साथ स्थानांतरित उपयंत्री श्री डी एस कंसाना, ए एल राजपूत के विदाई समारोह का आयोजन, अग्रवाल सेवा सदन टी आर पुरम में रखा गया कार्यक्रम मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कमलेश भार्गव के मुख्य अतिथ्य में रखा गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री एस के सिंह ,जिला खनिज अधिकारी श्री सुखदेव निर्मल, जनपद सीईओ महावीर जाटव,सुरेन्द्र यादव, तिलकसिंह, एम एम वेग एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अनुविभागीय अधिकारी ध्वनित मिश्रा, हेमंत परसेडिया, सहायक यंत्री अनिल भटनागर, विकास अग्रवाल, निर्मल गुप्ता, राकेश दैपुरिया, धीरज सिकरवार, रेखा राजपूत,समस्त उपयंत्री एवं कर्मचारी उपस्थित रहे श्री भार्गव ने श्री सुमन के योगदान एवं कार्यों की सराहना की कार्यक्रम में श्री सुमन का परिवार भी शामिल हुआ जिसमें उनकी पत्नी श्रीमती कुसुम सुमन जो के अध्यापक हैं उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा यदि पूर्व से पता होता तो इनके साथ में भी देह दान करती भविष्य में अवश्य ही करेंगे। श्री सुमन द्वारा अपने जीवन संघर्ष को बयां किया एवं कहा की किस तरह गरीबी में पले पढे और इस पद पर पहुंचे लेकिन जाति गरीबी से भी खतरनाक है यह जाति रूपी अजगर है जो सभी को धीरे-धीरे निगल रहा है। चाहे वह अगडा हो चाहे वह पिछड़ा हो ।आदर्श समाज की स्थापना के लिए इस जाति रूपी अजगर को खत्म करना ही होगा। यह एक सामाजिक बीमारी है इसे हम सब मिलकर खत्म करें। जिससे समाज और देश की तरक्की हो। देहदान के संबंध में श्री सुमन द्वारा बताया गया की एक मृत शरीर को जलाने के लिए लगभग तीन कुंटल लकड़ी की आवश्यकता होती है ।यह तीन कुंटल लकड़ी लगभग 10 वर्ष के पौधे से प्राप्त होती है। अर्थात हम 10 वर्ष के पौधे को नष्ट करते हैं, तब हमारा संस्कार होता है। पर्यावरण की दृष्टि से पेड़ों का संरक्षण अति आवश्यक है साथ ही शरीर को दान करने से हमारी आने वाली पीढ़ी कुछ सीखेगी कुछ अनुसंधान करेगी । हमारे जीवित रहते हुए कुछ लोगों ने सीखा होगा और मरने के बाद भी सीखेंगे ऐसा हमारा मानना है।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पूजा कोचर सहायक यंत्री द्वारा किया गया।स्मृति स्वरूप मूर्ति भेंट की गई।

# मुरैना का जिला अस्पताल बना शो पीस, कैसा भी मरीज आए तुरंत करते हैं रेफर

## तमाम डॉक्टर, स्टाफ, न्यू बिल्डिंग एवं करोड़ों रुपया प्रतिमाह खर्च के बावजूद मरीज को नहीं मिलती सुविधा






**मुरैना, कांस.।**

जिले का एकमात्र बड़ा अस्पताल कुंवर जाहर सिंह शर्मा चिकित्सालय दो बिल्डिंगों में संचालित है और तमाम आधुनिक मशीन, विशेषज्ञ डॉक्टर, भारी संख्या में स्टाफ होने के बावजूद किसी भी दुर्घटना में घायल या गंभीर मरीज को अस्पताल पहुंचते ही प्राथमिक उपचार भी ठीक से नहीं करते और तुरंत रेफर कर देते हैं, यह सिलसिला लंबे अरसे से चल रहा है द्य राज्य सरकार द्वारा एक जिला अस्पताल पर करोड़ों रुपया प्रतिमा खर्च किया जाता है, लेकिन बावजूद इसके जनता को कोई सुविधा नहीं मिल पा रही द्य हालत यह है कि गरीब मरीज या दुर्घटना में पीड़ित को ग्वालियर तथा अन्य शहरों के लिए भागना पड़ता है द्य

जिला अस्पताल पुरानी एवं नई बिल्डिंग में संचालित है और यहां आधा सैकड़ा से अधिक विशेषज्ञ अन्य मर्ज के तमाम डॉक्टर तैनात हैं तथा बड़ी संख्या में पुरुष महिला स्टाफ 24 घंटे उपलब्ध है द्य मॉनिटरिंग के लिए सीएमएचओ, सिविल सर्जन, आरएमओ सहित तमाम लोग पदस्थ हैं, इस सबके बावजूद राज्य सरकार द्वारा प्रतिमाह करोड़ों रुपया दवाइयां मशीनों मेंटेनेंस एवं सैलरी पर खर्च किया जा रहा है, जिसका कोई लाभ जिले के लोगों को नहीं मिल पा रहा द्य यहां जिला अस्पताल में प्रतिदिन तमाम सड़क दुर्घटना झगड़ा मारपीट हत्या के प्रयास मामलों में अनगिनत लोग उपचार के लिए आते हैं, लेकिन अधिकांश मामलों में देखने को मिलता है कि यहां के चिकित्सक उन्हें प्राथमिक उपचार के तुरंत पश्चात ग्वालियर के लिए रेफर कर देते हैं, जिससे गरीब मरीजों को आर्थिक एवं शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है द्य

### कई वर्षों के बाद भी नहीं बन सका ट्रॉमा सेंटर

तत्कालीन सांसद द्वारा मुरैना अस्पताल को ट्रॉमा सेंटर उपलब्ध कराने के लिए जोर शोर से प्रचार प्रसार किया गया, लेकिन अभी तक ट्रॉमा सेंटर का निर्माण नहीं हो सका है द्य कछुआ गति से इसका काम चल रहा है, जिसके कारण मरीज को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा द्य जब इसका शिलान्यास किया गया, तब बड़ी-बड़ी बातें कही गई थी की मुरैना जिले के लोगों को अब ग्वालियर नहीं जाना पड़ेगा, लेकिन इस बात को कई वर्ष बीत गए और शायद लोग भी भूल गए की मुरैना में कोई ट्रॉमा सेंटर का निर्माण भी हो रहा है द्य

### एक्सरे एवं जांच के लिए भी लगती है लाइन, मरीज होते हैं परेशान

जिला अस्पताल में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री रुस्तम सिंह द्वारा तमाम जांच मशीन रखवाई गई थी, जिससे कि जिले की गरीब जनता को निशुल्क जांच की जा सके, लेकिन वर्तमान में जिला अस्पताल में फेली अव्यवस्था के कारण मरीजों को जांच के लिए घंटा और कई कई दिन तक इंतजार करना पड़ता है द्य जांच समय पर न होने के कारण तथा गरीब मरीज के पास रुपए न होने के चलते उसे विलंब से इलाज उपलब्ध हो पाता है जो अस्पताल के बाहर जांच करवाने में सक्षम होते हैं, वह अपना इलाज बाहर जांच करवाने के पश्चात करवा लेते हैं।

# मुरैना से श्योपुर स्थानांतरण होने पर जिला नागरिक आपूर्ति नियंत्रक अधिकारी को दी विदाई



**मुरैना,कासं.।** मुरैना जिला नागरिक आपूर्ति अधिकारी संजीव शर्मा का मुरैना से श्योपुर स्थानांतरण होने पर आपूर्ति कार्यालय में विदाई समारोह कार्यक्रम रखा गया जिसमे श्री शर्मा को सभी ने शॉल श्रीफल एवं भगवान की तस्वीर भेंट कर एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत किया श्री शर्मा ने अपने मुरैना कार्यकाल के अनुभव के बारे में कार्यक्रम के दौरान सभी के बीच जानकारी सांझा की श्री शर्मा कहा कि प्रभु की कृपा व आप सबके सहयोग से मुरैना जिले मे लगभग छः बर्ष की सेवा पूर्ण हुई लगभग तीन बर्ष जिला आपूर्ति नियंत्रक के रूप मे कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला हमेशा विभाग के हित मे कार्य करते हुए उपभोक्ताओ व दुकान संचालको के बीच के कड़ी के रूप मे कार्य करते रहे परिस्थिति अनुसार कभी डांटा तो कभी मनाया कभी नाराज हुए तो कभी खुश हुए कोरोना जैसे समय मे आप सबके सहयोग से उपभोक्ताओं को राशन उपलब्ध कराने,मोबाइल फीडिंग आधार सीडिंग, ई के बाई सी कराने मे सफल हुए, अन्नोत्सव, आशीर्वाद अभियान तहत बुजुर्गो को घर घर राशन भिजवाया मजबूरी बस कुछ दुकानों पर कार्यवाही भी करनी पड़ी कभी कभी आपके बचाव मे भी खड़ा होना पड़ा तमाम खट्टे मीठे अनुभव के साथ कुछ लोगो से नौकरी से हटकर आत्मीय संबंध बने आप सबके साथ किया गया काम हमेशा याद रहेगा अंत मे श्री शर्मा ने कहा कि कभी भी मेरे मन वाणी कर्म से किये गये किसी भी कार्य से आपको दुख पहुंचा हो तो उसके लिए क्षमा प्रार्थी है सभी ने उनके कार्यो की सराहना की और अगले पड़ाव में काम करने के लिए सभी ने श्री शर्मा के उज्जवल भविष्य की कामनाएं एवं शुभकामनाएं दी कार्यक्रम में उपस्थित उमेश शर्मा, बृजपाल गुर्जर,लोकेंद्र, प्रीती,चौहान,अभिषेक दुबे,जितेंद्र राजावत,हुमा अंजुम, हिमांशु गुप्ता, संदीप जैन,बंटी कुशवाह, सोनू उपाध्याय,भूरा सिंह, सब्बीर खान, मनोज कुमार रूप सिंह, थान सिंह,ऋषिकेश, महेश कुमार,अजय सिंह, विजय सिंह, वकील सिंह,ईशाक खान,सत्यवीर गुर्जर, सुरेंद्र गुर्जर,अंजेश सिंह, छोटू पाराशर,सहित बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

## शेष हितग्राहियों की ई-केवायसी कराने विशेष अभियान 15 जुलाई तक : खाद्य मंत्री श्री राजपूत

**भोपाल**

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत सम्मिलित पात्र हितग्राहियों की पहचान सुनिश्चित कर वास्तविक हितग्राहियों को राशन वितरण करने के लिये हितग्राहियों की ई-केवायसी करने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया है कि शेष हितग्राहियों की ई-केवायसी कराने तथा मृत तथा अपात्र एवं अस्तित्वहीन हितग्राहियों का मौके पर सत्यापन के बाद उनका नाम हटाने के लिये 1 से 15 जुलाई तक विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये गये हैं। गौरतलब है कि अभी तक कुल पात्र हितग्राही 5 करोड़ 32 लाख 42 हजार में से 4 करोड़ 75 लाख 66 हजार हितग्राहियों के ई-केवायसी किये जा चुके हैं। इनमें 2 लाख 36 हजार हिताग्राहियों के नाम विलोपित किये गये हैं। इनमें से 54 लाख 40 हजार की ई-केवायसी किया जाना शेष है। भारत सरकार द्वारा निर्धारित समय-सीमा में ई-केवायसी कराने के लिये जून माह में ई-केवायसी से शेष परिवारों को ई-केवायसी के बाद राशन वितरण की व्यवस्था की गई है।

# लायंस क्लब ग्वालियर गालव शाखा ने किया डॉक्टर डे एवं सी ए डे पर सम्मान

## लायंस क्लब ग्वालियर गालव ने किया अपने सत्र का प्रारंभ ,

**ग्वालियर, नसं.।**




जैसा की विदित है लायंस क्लब इंटरनेशनल का नवीन सत्र आज से शुरू हो गया है ग्वालियर में लायंस क्लब ग्वालियर गालव ने आज सिम्स हॉस्पिटल के कांफ्रेंस हॉल में 40 डॉक्टर और 11 ष्ट का सम्मान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि PDG लॉयन PMJF सुनील अरोरा, विशिष्ट अतिथि PDG लायन सुनील गोयल ,विशिष्ट अतिथि डॉक्टर ओ पी शुक्ला रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवीन अध्यक्ष नितिन मिश्रा ने कहा की डॉक्टर हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण सदस्य है हर जगह ईश्वर खुद नहीं पहुंच सकता इसलिए उसने डॉक्टर को हमारे स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए चुना। महामारी हो या कोरोना काल हो, दुर्घटनाएं हो ,ऐसी विषम परिस्थितियों में डॉक्टर ही भगवान का दूत बनकर हमारे जीवन को संभालने की कोशिश करता है। डॉक्टर्स डे पर सभी चिकित्सकों का बहुत-बहुत धन्यवाद।

इसी प्रकार इंसान जब काम करता है तो सरकार कुछ पॉलिसी डिसाइड करती है उस पॉलिसी को आम जनता तक आम व्यापारी तक सरलता से समझाने का कार्य यदि कोई करता है तो वो है हमारे चार्टर्ड अकाउंटेंट। यह हमारे जीवन की वेल्थ को सही करने का काम करते हैं ।

डॉक्टर और चार्टर्ड अकाउंटेंट दोनों ही हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है और आज लायंस क्लब गालव ने इन दोनों क्षेत्रों में कार्य करने वाले महान लोगों को सम्मान के लिए चुना है। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष नितिन मिश्रा, जितेंद्र सिंह भदोरिया, जी के सूरी,हिमेश दंडोतिया, अजय चोपड़ा, एस के पचनंद, राजेश बाबू, विनोद शाक्य, विजय भाटिया, इरफान खान, आलोपी बंसल, प्रशांत बाजपेई, शशिप्रभा दीक्षित, भागीरथ घीया सहित सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन राजेश बाबू ने किया। कार्यक्रम संयोजक विष्णु पांडे एवं आभार प्रदर्शन जितेंद्र सिंह भदौरिया ने किया।

# पटेल नगर कॉलोनाईजर के विरूद्ध एफआईआर कराने के निर्देश

## सर्वोदय गृह निर्माण समिति के आवंटियों की समस्या का करें निराकरण : राज्यमंत्री श्रीमती गौर

**भोपाल कांस**



रायसेन रोड स्थिति पटेल नगर कालोनी के कॉलोनाईजर के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज होगा। प्रकरण दर्ज कराने के लिए पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए। राज्यमंत्री श्रीमती गौर मंगलवार को मंत्रालय में गोविंदपुरा क्षेत्र की सर्वोदय गृह निर्माण सहकारी संस्था, अग्रोहा गृह निर्माण समिति, कुंजन गृह निर्माण समिति, पटेल नगर कॉलोनी और रहवासियों की समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर रहीं थी। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने पटेल नगर कॉलोनी में स्कूल, खेल मैदान, पार्क आदि के लिए छोड़े गए भू-खंडों को नगर निगम के लिए सौपने के स्थान पर कॉलोनाईजर ने इस कॉलोनी के प्राईमरी स्कूल के एक भू-खंड को निजी तौर पर विक्रय कर दिया। नगर निगम के स्वामित्व के इन भू-खंड को विक्रय करने का अधिकार कॉलोनाईजर को नहीं है। कॉलोनाईजर द्वारा किया गया यह कृत्य आपराधिक है। इसको ध्यान में रखते हुए राज्यमंत्री गौर ने नगर निगम के अधिकारियों को कॉलोनाईजर के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कॉलोनाईजर द्वारा विक्रय किए गए भू-खंड की रजिस्ट्री को शून्य कराने की प्रक्रिया भी शुरू करें। इसके साथ ही कॉलोनाईजर अन्य ओपन एरिया को विक्रय नहीं कर सके इसकी व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। बैठक में बताया गया कि पटेल नगर कॉलोनी 1960 के दशक में विकसित की गई थी।

# 3 किलोवॉट रूफटॉप सोलर लगाने पर 78 हजार रूपये की मिलेगी सब्सिडी : एमडी श्री बैंस

## प्रधानमंत्री सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान

## भोपाल में हुई मीडिया वर्कशाप

**भोपाल कांस**

मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (एमपीयूवीएनएल) के एमडी श्री अमनवीर सिंह बैंस ने कहा है कि ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में प्रदेश निरंतर बेहतरीन कार्य कर रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में प्रधानमत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को दिलाने के लिये शासन प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि 3 किलोवाट का सोलर सिस्टम लगाने पर शासन द्वारा 78 हजार रूपये की सब्सिडी का लाभ उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है। एमडी श्री बैंस ने जनता से अपील की है कि पीएम सूर्य घर पोर्टल पर अधिक से अधिक आवेदन करें। प्रदेश में लगभग 850 वेंडर इस कार्य में संलग्न किये गये हैं, आवेदक स्वयं उसमें से आप वेंडर का चयन कर सकते हैं।

**उत्तर मध्य रेलवे**

दिनांक: 27.06.2025

ई-निविदा सूचना

अनुमानित लागत : ₹ 80,3[illegible] | धरोहर राशि : ₹ 1,60,800/-

(1) निविदा पत्र भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर देखा व भरा जा सकते हैं। (2) निविदा पत्र सिर्फ भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर दिनांक 21.07.2025 को 15:30 Hrs तक भरा जा सकता है। 1127/25 (MC)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

दिनांक: 27.06.2025

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

निविदा बन्द होने की तिथि: 21.07.2025 at 15:00 hrs.

स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि- 12 माह

● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। 1126/25(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

# मिट्टी से सरोवर तक-वृक्ष से वर्षा तक लोक निर्माण विभाग की नई सोच

## पौधरोपण पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित और समृद्ध भविष्य देने का संकल्प- मंत्री श्री सिंह

## लोक निर्माण विभाग ने एक दिन में लगाए 2 लाख से अधिक पौधे

**भोपाल, कांस।**



**लोक निर्माण से लोक कल्याण**

हरित मध्यप्रदेश की परिकल्पना को साकार करने के लिए लोक निर्माण विभाग ने मंत्री श्री राकेश सिंह की अगुवाई में ऐतिहासिक पौधरोपण महाअभियान का शुभारंभ किया। इस एक दिन में विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में 2 लाख से अधिक पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक कीर्तिमान स्थापित किया है, जो सतत विकास और हरियाली के प्रति विभाग की सशक्त प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भोपाल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा की पौधरोपण सिर्फ औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित और समृद्ध भविष्य देने का हमारा दृढ़ संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रारंभ में जहाँ 1 लाख पौधों का लक्ष्य रखा गया था, वहीं विभाग के अधिकारियों और इंजीनियरों की प्रतिबद्धता, समर्पण और उत्साह के चलते यह संख्या बढ़कर 2 लाख से अधिक पौधों तक पहुँच गई। यह केवल एक आंकड़ा नहीं बल्कि हरित मध्यप्रदेश की दिशा में एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक उपलब्धि है जो सामूहिक प्रयासों की शक्ति को दर्शाती है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि इस पौधारोपण को वैज्ञानिक पद्धति से जोड़ा गया है। प्रत्येक पौधे की सैटेलाइट मॉनिटरिंग की योजना बनाई गई है, जिसमें अहमदाबाद स्थित भास्कराचार्य संस्थान का सहयोग प्राप्त हो रहा है। इसके माध्यम से पौधों की वृद्धि और संरक्षण की डिजिटल निगरानी सुनिश्चित की जा सकेगी। यह वृक्षारोपण सड़क किनारे, विभागीय भवन परिसरों, तालाबों एवं सार्वजनिक स्थलों पर किया गया है, जिससे शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में हरियाली को बढ़ावा मिलेगा।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'हरित भारत' के संकल्प और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पर्यावरण-अनुकूल विकास के विजन ने मध्यप्रदेश में वृक्षारोपण और प्रकृति संरक्षण को एक जनआंदोलन का रूप दिया है। उन्होंने कहा कि आज जब पूरी दुनिया पर्यावरण संकट से जूझ रही है, ऐसे समय में यह पहल प्रेरक उदाहरण बनेगी।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक, रामविलास शर्मा द्वारा पहल प्रिंटर्स प्लाट नं. 27 बांके सैंथिया टाउन मौजा ककुआ आगरा, उत्तरप्रदेश से मुद्रित व 192,मानस नगर शाहगंज बोदला रोड आगरा (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- रामविलास शर्मा मोबा.-9329077393
स्थानीय संपादक- संतोष शर्मा मो.97202 02708, email-sandhyapahal@yahoo.com आर.एन.आई.पंजीयन क्रमांक UPHIN/2008/25338 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना ही रहेगा।